CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

62. Berberis Sp. **सं०-दारूहरिद्रा**

१०६. बर्बेरीन क्षाराभ जो दारुहरिद्रा से प्राप्त किया जाता है, विसूचिका की चिकित्सा में बहुत ही लाभदायक सिद्ध हुआ है। विसूचिका कृमियों के जिस अंश से अतिसार के लक्षण होते हैं सम्भवत: उस द्रव्य को यह क्षाराभ निष्प्रभावी करता है। यह क्लोरॅम्फेनिकॉल से अधिक अच्छा है। मात्रा—५० मि० ग्रा० प्रारम्भ में, फिर प्रत्येक ८ घंटे पर ६ बार, फिर प्रत्येक १२ घंटे पर पांचवें दिन तक या ठीक होने तक। यह लवण-जल चिकित्सा के साथ बहुत उपयोगी है।

एस. सी. लहरी एवम् एन. के. दत्ता, जर. इंडि. मेडिक. एसोसि., ४८, १. १९६७, १-११।

१०७. इसमें का प्रधान Berberine क्षाराभ बढ़ी हुई केशिका पारगम्यता (Capillary permeability) को घटाकर सम्भवत: अतिसार तथा विसूचिका में कार्य करता है क्योंकि परीक्षण में देखा गया कि जो पदार्थ पारगम्यता बढ़ाते हैं उनके प्रभाव को यह घटाता है।

एम. वी. भिडे. एवम् एन. के दत्ता, इंडि. जर. फीजियो, फार्माकोला., १२, २, १९८६, १९।

१०८. चूंकि Berberine sulphate का उपयोग अतिसारादि में हो रहा है इसलिए इसके प्रचूषण आदि के अध्ययन के लिए खरगोशों के १० दिन के बच्चों पर प्रयोग किया गया। यह देखा गया कि इसका प्रचूषण मुख द्वारा सेवन से होता है। रक्त में यह ७२ घंटे से अधिक रहता है एवं इसका उत्सर्ग मूत्र द्वारा होता है। हृदय में इसकी मात्रा सबसे अधिक एवं अग्न्याशय एवं यकृत में इसकी मात्रा उत्तरोत्तर कम रही। सूचिका द्वारा देने से कुछ अंशों में मलद्वारा भी उत्सर्ग होता है। क्षुद्रांत्र, वृक्क एवं यकृत में इसकी मात्रा अधिक देखी गई।

एम. वी. भिडे, एस. आर. चह्वाण एवम् एन. के. दत्ता, सार, २० वीं इंडि. फार्मे कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८७।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

63. Berberis aristata D.C.

सं०-दारुहरिद्रा

१०९. प्राणियों में इसके सत्वों का अध्ययन अतिसार नाशक गुण की दृष्टि से किया गया। यह अमीबाजन्य आंत्रिक तथा यकृत विकारों में लाभप्रद है।

एन. के. दत्ता एवम् नटराजन ऐय्यर, जर. इंडि. मेडि. एसो., ५०, ८, १९६८, ३४९–३५२।

64. Berberis asiatica Roxb. ex D.C.

सं०-दारुहरिद्रा

११०. चूँकि कैन्सररोधी तत्व इसमे पाये गये थे इसलिए इसके मूल का रासायनिक विश्लेषण किया गया। इसमें ५ प्रकार के क्षाराभ (alkaloid) तथा ३ प्रकार के नये समाक्षार (Base) प्राप्त किये गये।

डॉ. एस. भाकुनी, ए. शोराव एवम् एस. पी पोपली, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ६, २, १९६८, १२३१।

65. Bergenia Sp.

सं०-पाषाण भेद

१११. उपर्युक्त प्रजाति की तीन जातियों 1. B. ligulata (Wall.) Engl. 2. B. ciliata (Royle) Raizada एवं 3. B. Stracheyi का स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन, इनके चूर्ण का सूक्ष्म अध्ययन तथा विभिन्न रासायनिक द्रव्यों के साथ सम्पर्क करने से होनेवाले परिणामों का उल्लेख है। विभिन्न विक्रय केन्द्रों से प्राप्त पाषाण भेद का भी अध्ययन किया गया है। गुजरात, केरल तथा पंजाब से B. ligulata के तथा उ० प्र० एवं राजस्थान से प्राय: B. ciliata एवं कुछ B. ligulata के मूल प्राप्त हुए जो इस नाम से वहाँ बिकते हैं।

ए. पी. शर्मा, नागा, ९, ७, १९६६, २३६-२४५।

११२. B ligulata का स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन, विभिन्न रासायनिक द्रव्यों के साथ सम्पर्क से होनेवाले परिणाम तथा आयुर्वेद में उल्लिखित पाषाणभेद के योगों का उल्लेख है

सं. सेन एवं आ. प्र. शर्मा, नागा., ९, ९, १९६६, ३२३-३३६।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

66. Bergenia ciliata [Royle] Raizada. सं०-पाषाणभेद

११३. इसके विभिन्न विलेयकों के सत्वों तथा एसिटोन सत्व के विशिष्ट अश तथा अन्य विशिष्ट सत्व Bergenin का गुणकर्मात्मक अध्ययन किया गया है। इनमें से सुरासारीय सत्व में क्रियाशीलता पाई गई। चूहों में इससे मूत्रल प्रभाव (५०० मि० ग्रा० प्रति किलो०) पाया गया। अहिफेन सत्व के कार्य को भी इसका सुरासारीय सत्व बढ़ाता है।

वि. सिंग, श्रीमती एस. प्रभू एवं बी. एन. शर्मा, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., ११, २, १९६७, ४५।

67. Betula utilis D. Don. सं०-भूर्जपत्र।

११४. इसकी बाह्य त्वचा तथा अन्तः त्वचा का रासायनिक विश्लेषण किया गया है। बाह्य त्वचा में Betulin, lupeol, oleanolic acid, acetyloleanolic acid एवं leucocynidin पाये गये। अन्तस्त्वचा में Polymeric leucoanthocyanidins काफी रहते हैं।

वी. एम. चारी, एस. नीलकण्टन एवं टी. आर. शेषाद्रि, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ६, ५, १९६८, २३१-२३४।

68. Blighia sapida.

११५. चूंकि इसके बीजावरण (aril) में रक्तगत शर्करा को कम करने का गुण पाया गया है इसलिए इसके फल के रासायनिक संगठन का अध्ययन किया गया है।

एच. एस. गर्ग एवं सी. आर. मिश्रा, प्लैंन्टा मेडिका १५, १, १९६७, ७४-८०।

११६. इसके फल के गूदे से पृथक् कृत Quinone-Blighinone की संरचना का विवेचन किया गया है।

एच. एस. गर्ग एवं सी. आर. मित्रा, टेट्रा. लेट., १३, १९६८, १५४९-१५५२।

69. Blumea eriantha D.C. म०-निमुरडी

११७. इससे प्राप्त flavonol-capıianthin के स्वरूप का पुनर्निर्धारण किया गया है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

पी. के. बोस,ए. के. बरुआ एवं कु. पी. चक्रवर्ती, जर. इंडि, केमि. सोसा., ४५, ६, १९६८, ८५१-८५२।

70. Boerhaavia diffusa Linn. सं०-पुनर्नवा

११८. इसके जलीय तथा एसिटोन से निकाले सत्वों एवं पुनर्नवीन नामक क्रियाशील सत्व के शोथहर गुणों का अध्ययन किया गया है। प्राणियों में उत्पन्न किये गये शोथ में इससे लाभ हुआ।

टी. एन. भल्ला, एम. बी. गुप्ता, पी. के. सेठ के. पी. एवं भार्गव, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १२, २, १९६८, सार, ३७।

११९. इसमें रसायन गुण नहीं पाया गया।

देखें १८३।

१२०. इसकी कायिक गुणसूत्र संख्या (Somatic chromosome number) 2n= 26 है।

ए. के. श्रीवास्तव एवं के. सी. मिश्रा, साइन्स, कल्चर, ३२, ६, १९६६-३१५।

71. Boerhaavia punarnava Saha et Krishnamurthy; सं०-पुनर्नवा

१२१. यह नया नामकरण इस जाति (species) के लिए आवश्यक नहीं है। वास्तव में यह वनस्पति B. erecta Linn. है जो कि उष्ण कटिबंधज अमेरिका में बहुत होती है तथा अन्य उष्ण कटिबंधज देशों में फैल रही है। भारत में सम्भवतः यह बाहर से आया हुआ पौधा है जो अब सड़कों, रेलमार्ग आदि के किनारे एवं कूड़ा आदि के स्थानों में पाया जाता है। इसके फल पर ग्रन्थियां नहीं होतीं तथा ऊपर से यह कटा सा लगता है।

एन. सी. नायर, बुले. बोटेनि. सर्वे इंडि, ९, १९६७, २८३।

72. Boerhaavia repanda

73. Boerhaavia repens सं०-पुनर्नवा

१२२. इनके पंचांग के मूत्रल गुण का अध्ययन श्वेत चूहों में किया गया। दोनों प्रकार के गोखरू तथा तुलना के लिए यूरिया का प्रयोग किया

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

गया। प्रारम्भिक अध्ययन में पुनर्नवा में मूत्रल क्रिया पाई गई किन्तु गोखरू में नहीं।

एस. कृष्णन हारवे, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५४, ८, १९६६, ७७४-७७८।

74. Bombax malabaricum DC. सं०-शाल्मली

१२३. इसके बीजों के क्वाथ में गर्भाशय बल्य (uterotonic) क्रिया पाई गई।

एम. बी. मिश्रा, जे. पी. तिवारी एवं एस. एन. मिश्रा, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १०, २, १९६६, ५९-६०।

१२४. प्राणियों के परीक्षण में इसके बीजों के उष्ण जलीय सत्व में साधारण गर्भाशय सकोचक क्रिया पाई गई। गिनीपिग के आंत्र पर इसकी पोषणज एव मेढक के हृदय पर उत्तेजक क्रिया हुई। कुत्ते के रक्त दबाव में नगण्य वृद्धि देखी गई। इसमें कोई वेदनाहर, शामक या निद्राजनन गुण नहीं पाया गया। खरगोश की आँख तथा मेढक की समोदरिका पेशी पर कोई प्रभाव नहीं रहा।

एम. बी. मिश्रा, एस. एस. मिश्रा एवं श्रीमती आर. के. मिश्रा, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, ७ १९६८, १६५-१६६।

१२५. इसके मूल, काण्ड एवं पत्र का स्थूल एवं सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन, प्रारम्भिक रासायनिक विश्लेषण तथा द्रव्यपरिचयात्मक स्थिरांकों का निर्धारण किया गया है। इसके सभी अंगों में glycoside हैं किन्तु काण्ड में कुछ क्षाराभ तथा मूल में प्रोटीन पाये गये।

पी. एन. मेहरा एवं सी. आर. कर्णिक, सार, २० वी इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८४।

75. Boswellia serrata Roxb. सं०-शल्लकी

१२६. इसके बीजों के तैल का रासायनिक विश्लेषण किया गया है।

एच. ए. भाकरे, एवं सी. बी. एन. राव, करेंट साइन्स, ३६, २४, १९६७, ६६८।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

76. Boucerosia aucheriana Decne.; **पं०-चंरुगली, पमनके**

१२७. इसके रासायनिक विश्लेषण से एक alcohol, एक प्रकार का मोम एवं सॅपोनिन प्राप्त किये गये।

श्रीमती ए. चटर्जी एवं ए. के. चक्रवर्ती, जर. इंडि. केमिक. सोसा. ४४, २, १९६७, ८७-९०।

77. Brassica Sp. **सं-सर्षप**

१२८. इसमें रागी (Eleusine coracana and other var.) की मिलावट पायी जाती है। चूर्ण में पहचान स्टार्च की अधिकता एवं विशिष्ट प्रकार के ऊतकों की उपस्थिति से की जा सकती है।

आर. वी. कृष्णराव, १७हवीं इंडि. फार्मास्यू. कांग्रेस, वाराणसी, दिस. १९६५, इंडि. जर. फार्मे., २८, ३, १९६६, ८०।

78. Butea monosperma (Lam.) Kuntze. **सं-पलाश**

१२९. चूहों में इसके पुष्प, पत्र एवं बीजों के विभिन्न सत्वों का अध्ययन गर्भ निरोधक गुण की दृष्टि से किया गया। इनमें से केवल बीजों के उष्ण सुरासारीय सत्व में यह गुण पाया गया।

यू. खन्ना, एस. हण्डा एवं आर. आर. चौधरी, १८ हवीं इंडि. फार्मा. कांग्रेस., इंडि. जर. फार्मे, २८, १२, १९६६, ३४३।

१३०. इसके पुष्पों के आभ्यंतर दलपत्रों के सुरासारीय सत्व में, ३·२ मि. ग्रा./कि. ग्रा. भार/प्र. दिन की मात्रा में ईस्ट्रोजेन विरोधी क्रिया पाई गई। इससे कम मात्रा में यह क्रिया नहीं पाई गई।

के. आर. लॉमस एवं जे. पी. ऊनियाल, इंड़ि. जर. एक्स्पेरि. बायो., ४, ४, १९६६, २४६।

१३१. इसके स्नेह विरहित बीजों से कृमिघ्न अंश पृथक् किया गया जो Palasonin है। इसके रासायनिक स्वरूप का विवेचन भी किया गया है।

आर. के. राज एवं पी. ए. कुरूप, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, २, ११६७, ८६-८७।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

१३२. इसमें का क्रमिघ्न सत्व Palasonin कैसे कार्य करता है, इस सम्बन्ध में विवेचन है।

आर. के. राज एवं पी. ए. कुरूप, इंडि. जर. बायोकेमि. ४, २-३, १९६७, ९०-९३, १७८-१८१।

१३३. इसके बीजों से पृथक् किये गये प्रमुख द्रव्य Palasonin की संरचना का निर्धारण किया गया है। यह desmethyl cantharidin है।

आर. जे. वोन्चिस एवं एम. एच. फिशर, टेट्रा. लेट., १६; १९६८, १९७१–१९७४।

१३४. इसके प्रजनन रोधी प्रभाव (Antifertility effect) का प्राणियों में अध्ययन किया गया है। इसके बीजों के सुरासारीय सत्व में तथा पुष्पों में यह गुण पाया गया।

यू. खन्ना एवं आर. आर. चौधरी, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५६, १०, १९६८, १५७५-१५८०।

१३५. इसके बीजों से पृथक् किये गये सक्रिय अंश Palasonin के क्रमिघ्न गुण, विषाक्तता एवं अन्य गुणकर्मों का अध्ययन किया गया है। साथ में इसके Piperazine लवण का भी अध्ययन किया गया है। इनके क्रमिघ्न गुण की तुलना Santonin तथा Piperazine से की गई है। यह इन दोनों से अधिक प्रभावशाली है। इसके Piperazine लवण में कम विषाक्तता है।

आर. कालेयसराज एवं पी. ए. कुरूप इंडि. जर. मेडि. रिस., ५६, १२, १९६८, १८१८-१८२५।

79. Caccinia glauca Savi. **हि०-गादजवां**

१३६. इसके फलों से rutin एवं एक अम्ल सॅपोनिन पृथक् किया जा चुका है। प्रस्तुत लेख में इससे पृथक् किये गये Caccigenin नामक एक नये triterpenoid sapogenin का विवेचन है।

के. एन. एन. आयंगार एवं एस. रंगस्वामी, टेट्रा. लेट., १८, १९६६, १९४७-१९५२।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

80. Caesalpinia bonducella Fleming. सं०-कंटकीकरंज

१३७. चूहों में कृत्रिम शोथ उत्पन्न करके इसके शोथहर प्रभाव का अध्ययन किया गया। फेनिल ब्यूटेभोन की तुलना में इससे पर्याप्त लाभ देखा गया। इसके अन्य गुणधर्मों पर भी प्रकाश डाला गया है।

कु. माया जेटमलानी, पी. वी. सबनीस एवं बी. वी. गायतोंडे, १८ हवी इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मे., १, २८, १२, १९६६, ३४१।

81. Caesalpinia digyna Rottl. म०-वाकेरी

१३८. इसके मूल को क्षयजन्य गंडमाला, आंत्रिक क्षय तथा अस्थिक्षय में उपयोगी बतलाया जाता है। अन्य वैज्ञानिकों ने इसके सुरासारीय सत्व तथा एक रवेदार सत्व Vakerin (Syn. Bergenin) का अध्ययन गिनीपिग में क्षय उत्पन्न करके किया किन्तु कोई उल्लेखनीय फल नहीं पाया। किन्तु उन्होंने यह सुझाव भी दिया था कि प्रायोगिक प्राणी के क्षय में सफलता न दृष्टिगोचर हो तब भी इनमें अनुसन्धान चालू रखना चाहिये। इसी दृष्टि से इसके मूल के शीतजल सत्व, सुरासारीय सत्व तथा सुरासार एवं जल (८० : २०) मिश्रण सत्व का अध्ययन किया गया। अन्तः पात्र (in vitro) परीक्षण में यह देखा गया कि इनका कोई प्रभाव ग्रामग्राही या ग्रामत्यागी जीवाणुओं पर नहीं पड़ता। किन्तु यह क्षय दण्डाणु वृद्धि रोधक हैं। इसमें सबसे अधिक क्रियाशीलता तृतीय सत्व में मिली। यह द्रव्य ताप स्थिर भी है। गिनीपिग के आहार में (२%) इसका मिश्रण करने से उनके रक्तरस में भी यह गुण पाया गया। इसकी तुलना Capparis moonii से भी की गई।

श्रीमती एम. आर. पटेल, आर. ए. वेल्लारे एवं सी. वी. डेलीवाला, इंडि. जर. एक्स्पेरी., बायोला., ४, ४, १९६६, २१४-२१५।

82. Calophyllum apetalum Willd.

१३९. इसके फलों के रासायनिक विश्लेषण से एक नया 4-phenyl-coumarin–Apetalolide प्राप्त किया गया है जिसकी संरचना का अध्ययन है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

एस. के. निगम, सी. आर. मित्रा, जी. के., बी. सी. दास, जे. पी., टेट्रा. लेट., २८, १९६७, २६३३-२६३६ ।

१४०. गोवा से संग्रहीत इसकी छाल के रासायनिक विश्लेषण से Friedelin एवं Apetalic acid, मूल से Friedelin, काण्ड से Friedelin एवं β—amyrin तथा काष्ठ से β—sitosterol एवं mesoinositol पाये गये । Apetalic acid की संरचना का निर्धारण किया गया है ।

१४१. उपर्युक्त पौधों के पत्तों से एक नया Triterpene lactone -Apetalactone पृथक् किया गया है, जिसकी संरचना का अध्ययन है ।

टी. आर. गोविन्दचारी, डी. प्रकाश एवं एन. विश्वनाथन, जर. केमि. सोसा., इंग्लैण्ड, सी, १९६८, ११, १३२३–१३२४ ।

83. Calophyllum inophyllum Linn. हिं०-सुलतान चंपा

१४२. इसके पत्रों की शिराओं का रचनात्मक अध्ययन किया गया है ।

बी. सी. कुण्डू एवं बी. गुप्त, साइन्स, कल्चर, ३३, ३, १९६७, १२३–१२४ ।

१४३. इसके पत्तों से Friedelin एवं तीन नये Triterpene पृथक किये गये । इनकी संरचना का विवेचन किया गया है ।

टी. आर. गोविन्दचारी, एन. वी., बी. आर. पी., यू. आर. आर. एवं एम. एस., टेट्रा., २३, १९६७, १९०१-१९१० ।

१४४. इसके काष्ठसार के रासायनिक विश्लेषण से दो द्रव्य Mesuaxanthone B एवं एक नया xanthone—Calophyllin B प्राप्त किये गये ।

टी. आर. गोविन्दचारी, बी. आर. पी., एन. एम., यू. आर. आर. एवं एन. एन. आर., इंडि. जर. केमिस्ट्री, ६, २, १९६८, ५७-५९ ।

१४५. इसके पत्तों में के मत्स्य विनाशक (Piscicidal) अंशों के पृथक्करण एवं उनके स्वरूप निर्धारण का अध्ययन है ।

के. के., एच. ओ., टी. एम., टेट्रा. लेट., १९, १९६८, २३८३-२३८५ ।

३

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

84. Calophyllum tomentosum T. Anders.

१४६. इसके फलों के रासायनिक विश्लेषण से दो नये द्रव्य Tomentolide A (4-phenyl-coumarin) एवं Tomentolide B (4-propyl-coumarin) पाये गये जिनकी संरचना का निर्धारण किया गया है।

एस. के. निगम, सी. आर. मित्रा, जी. के., वी. सी. दास, एवं जे. पी., टेट्रा. लेट., २८, १९६७, २६३३-२६३६।

१४७. इसके पत्तों से एक नया Triterpene lactone-Apetalactone पृथक किया गया है जिसकी रासायनिक संरचना का अध्ययन है।

टी. आर. गोविन्दचारी, डी. प्रकाश एवं एन. विश्वनाथन्, जर. केमि. सोसा. इंग्लैंड, सी, १९६८, ११, १३२३-१३२४।

85. Calotropis gigantea Linn. R. Br. ex Ait. सं०-अर्क

१४८. इसके मूल की छाल के सम्बन्ध में किये गये रासायनिक विश्लेषण का विवेचन किया गया है।

वी. अंजनेयुलु एवं एल. रामचन्द्रराव, करेंट साइन्स, ३७, ६, १९६८, १५६-१५७।

१४९. इसके पुष्प तथा पत्रों के सत्वों का चूहों की प्रारम्भिक गर्भावस्था पर अध्ययन किया गया। इसके पत्तों के पेट्रोलियमईथर सत्व में कुछ गर्भ निरोधक गुण पाया गया।

देखें–४७८।

86. Cannabis sativa Linn. Syn. C. indica Lam.

हिं०-भांग, गांजा

१५०. इसके नर एवं मादा पौधों को अलग-अलग उत्पन्न कर उनके निस्सार निकाले गये। इसमें केवल पत्र तथा पुष्पिताग्र लिये गये। फल, मूल, शाखा एवं काण्ड को नहीं लिया गया। नर पौधे से ११% एवं मादा पौधे से १५% निस्सार प्राप्त हुवे किन्तु जैविकीय निर्धारण (biological assay) द्वारा इनमें कोई अन्तर नहीं पाया गया। इस प्रकार, यह धारणा कि मादा पौधों में अधिक प्रभाव है उचित नहीं मालूम होती।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

जे. आर. वाल्ले, ए. जे. लापा, जी. जी. वरोस, जर. फार्मेसी फार्माकोला., २०, १०, १९६८, ७९८-७९९ ।

१५१. आबकारी अभिग्रहण में पकड़े गये इसके अनेक नमूनों के सूक्ष्म संगठन एवं तनु स्तर वर्णालेखीय विश्लेषणों का सर्वेक्षण किया गया है। कॉर्निया अप्रतिवर्तता परीक्षा (Geyer's test) द्वारा यह जानने का प्रयत्न किया गया कि वर्णालेखीय स्वरूप एवं जैविकीय परिणाम में क्या कोई सम्बन्ध है।

जे. पी. जी., एम. ए. पी., कु. एस. एस. एवं एम. आर. एस., सार, २०वीं इंडि. फार्मा. कांग्रे., इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८२ ।

87. Carathamus tinctorius Linn. **सं०-कुसुम्भ**

१५२. चूंकि कुसुम्भ तेल से रक्त में कोलेस्टेरॉल कम हो जाता है इसलिए इसमें के असंतृप्त स्नेहाम्लों का अध्ययन चूहों पर किया गया। चूहों में हृद्रोध गलन (cardiac infarct) उत्पन्न करने योग्य आहार देने के बाद इन स्नेहाम्लों में से linolenic acid के देने से यह देखा गया कि कोलेस्टेरॉल कम हो जाता है।

एस. सी. नियोगी, इंडि. जर. एक्सपे. बायो., ४, २, १९६६, १२१-१२२ ।

88. Cardiospermum halicacabum Linn. **सं०-कर्ण स्फोटा**

१५३. इसके पंचांग का रासायनिक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। इसमें सैपोनिन तथा स्टेरॉल हैं। यह स्टेरॉल, स्टिगमेस्टेरॉल है। यह ग्लाइकोसाइड के स्वरूप में रहता है क्योंकि यह पेट्रोलियम ईथरीय अंश में नहीं पाया गया।

ए. के. दास, बुले. बोटेनि. सर्वे इंडि., ८, ३-४, १९३६, ३५७ ।

89. Carissa carandas Linn. **सं०-करमर्द**

१५४. इसके मूल के रासायनिक विश्लेषण से ४ नये रवेदार पदार्थ प्राप्त किये गये। इनमें से C हृदय पर कार्य करता है। और भी अन्य द्रव्य पृथक् किये गये हैं।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

आर. सी. रस्तोगी, एम. एम. वी., आर. पी. आर., एम. एल. डी., इंडि. जर. केमेस्ट्री, ४, ३, १९६६, १३२-१३८।

१५५. पूर्व के अध्ययन से यह मालूम हुआ था कि इसमें का हृदय पर कार्य करनेवाला अंश एक जलविलेय पीतवर्ण के चूर्ण रूप में रहता है। प्रस्तुत अध्ययन इनमें के ग्लाइकोसाइड के सम्बन्ध में है।

आर. सी. रस्तोगी, आर. पी. रस्तोगी एवं एम. एल. धर, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, ५, १९६७, २१५-२१६।

90. Carum carvi Linn. **हि०-स्याह जीरा**

१५६. उपर्युक्त पौधे के फलों के स्थान पर बजार में निम्नलिखित पौधों का व्यामिश्रण किया जाता है, जिनको पहिचानने की दृष्टि से यह अध्ययन किया गया है।

1. C. bulbocastanum, 2. C. gracile, 3. C. cyminum. 4. Bunium cylindricum, 5. Bupleurum lanceolatum, 6. Spermacoce hispida (seeds), 7. Plantago pumila (seeds).

सी. के. अटल एवं ए. के. दत्ता, १७हवीं इंडि. फार्मास्यू. कांग्रेस, वाराणसी, दिस., १९६५, इंडि. जर. फार्मं., २८, ३, १९६६, ८०।

१५७. इसके एक उपभेद का चकराता में खेती करने के सम्बन्ध में अध्ययन है। इसके तेल का भी अध्ययन है।

वी. के. शर्मा एवं जे. पी. कपिल, इंडि. फारेस्टर, ९३, ३, १९६७, १८१-१८५।

91. Carum copticum Benth. & Hook. f. **हि०-अजवाइन**

१५८. इसके फलों में करीब २५% तेल रहता है। इसमें उड़नशील तैल ४·५% रहता है। इन दोनों तैलों तथा ग्लाइकोसाइड का गुणकर्मीय अध्ययन किया गया है। यह अनैच्छिक मांसपेशियों में संकोच करते हैं तथा इनसे रक्त का दवाव भी कम होता है। इनमें विषैलापन भी कम होने से इनका उपयोग रक्त दबाव वृद्धि में किया जा सकता है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

ए. मुखर्जी, एस. आर. चह्वाण एवं सिल्लू भगवागेर, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५५, ६, १९६७, १००३-१००६।

92. Casearia esculenta Roxb. हि०-सप्तरंगी

वक्तव्य—सप्तरंगी का वास्तविक वानस्पतिक स्रोत अब Salacia chinensis या उसकी अन्य जाति सिद्ध हुआ है। इसलिए निम्नलिखित शोध-पत्र उनके सम्बन्ध में या दोनों के सम्बन्ध में समझें जा सकते हैं।

१५९. रोगियों की चिकित्सा में तथा खरगोश में, रक्त शर्करा को कम करने का गुण इसके मूल के अपरिष्कृत सत्व में पाया गया था। इससे पृथक् किये गये एक परिष्कृत सत्व Leucoanthocyanidin के प्रारम्भिक अध्ययन में देखा गया कि यह रक्त शर्करा को बढ़ाता है। इससे अनुमान होता है कि अपरिष्कृत सत्व में दोनों प्रकार का कार्य करनेवाले अंश हैं।

एस. के. गुप्ता, ए. दास एवं आर. वी. अरोरा, सार, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., ११, २, १९६७, ५१।

१६०. इससे यकृत द्वारा ग्लाइकोजनलयन (Glycogenolysis) में निरोध होता है।

एस. एस. गुप्ता, जे. आर. डी. वल्डेयर्स, वी. पी. गर्ग एवं एम. राय, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., सार, ११, २, १९६७, ५६-५७।

१६१. मधुमेह में उपयोग की दृष्टि से इसके मूल के विभिन्न सत्वों का अध्ययन प्राणियों में किया गया। जलीय तथा सुरासारीय सत्वों में लाभ-दायक गुण हैं। मधुमेह की साधारण अवस्था में इससे जो लाभ होता है वह सम्भवतः इसके द्वारा इन्सूलीन के ऊतक प्रभाव को बढ़ाने से होता है।

एस. एस. गुप्ता, एस. एल. सी. वर्मा, वी पी. गर्ग एवं श्रीमती पी. खण्डेलवाल, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५५, ७, १९६७, ७५४-७६३।

१६२. मधुमेह के रोगियों में भोजन पूर्व इसके क्वाथ का उपयोग किया गया। इनमें से ४६ रोगियों में अच्छा लाभ, ७८ में साधारण लाभ तथा

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

२२ में नगण्य प्रभाव रहा। बाल मधुमेही में लाभ नहीं था। कोई अन्य तीव्र दुष्परिणाम नहीं देखे गये।

आर. सी. डी. नौटियाल, ॲन्टिसेप्टिक, ६४, १२, १९६७, ९०७-९१६, नागा., ११, ११, १९६८, ५७१-५८०।

१६३. स्वस्थ मनुष्यों एवं मधुमेह के रुग्णों में इसके प्रभाव का अध्ययन किया गया। इसमें रक्तगत शर्करा की मात्रा को कम करने की शक्ति अन्य आधुनिक औषध टोलब्यूटामाइड की तुलना में बहुत कम है। २५ ग्राम से अधिक मात्रा में इससे हृल्लास एवं वमन आदि दुष्परिणाम होने लगते हैं।

एस. के. कश्यप, एम. एम. एस. अहूजा, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, २, १९६८, १५५-१६०।

93. Cassia species

१६४. इसकी विभिन्न जातियों का रासायनिक विवेचन किया जा चुका है। प्रस्तुत अध्ययन में C. nodosa, C. grandis एवं C. rangigera के पत्रों का विवेचन है।

कु. एन. एन. काजी, सार, २० इंडि. फार्मा. कांग्रे., इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२ १९६८, २८२।

94. Cassia acutifolia Del. Syn. C. senna Linn. (Alexandrian Senna).

95. Cassia angustifolia Vahl. (Tinnevelly Senna).

हिं०-सनाय

१६५. चूंकि इन दोनों की स्वतंत्र सत्ता के विषय में मतभेद था इसलिए अनेक नमूनों का सूक्ष्म अध्ययन किया गया। वास्तव में यह दो स्वतंत्र जातियाँ (Species) हैं एवं प्रथम का उचित नाम C. senna है। इनका पार्थक्य, बीज तथा फली के स्वरूप तथा पत्तों के रन्ध्रांक (Stomatal index) से आसानी से हो सकता है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

जे. डब्लू. फेयरवेयर्न एवं ए. वी. श्रेष्ठा, लायडिया, ३०, १, १९६७, ६७-७२ ।

96. Cassia fistula Linn. **सं०-आरग्वध**

१६६. इसकी छाल एवं काष्ठसार के रासायनिक विश्लेषण से एक Leucoanthocyanidin-Fistucacidin एवं Barbaloin तथा Rhein प्राप्त किये गये ।

वी. के. मूर्ति, टी. वी. पी. राव एवं वी. वेंकटेस्वरलू, टेट्रा., २३, १९६७, ५१५-५१८ ।

१६७. इसके पत्तों का रासायनिक विश्लेषण इस अध्ययन में है। इसमें अयुक्त ह्रीन (free rhein), Rhein ग्लूकोसाइड एवं Sennoside A तथा Sennoside B पाये जाते हैं। विभिन्न ऋतुओं में इनकी मात्रा का अध्ययन भी किया गया है जिससे ज्ञात होता है कि इनमें काल के अनुसार पर्याप्त अन्तर होता है। सेनोसाइड केवल पुष्पकाल में पाये जाते हैं जो फलोद्गम के बाद काफी कम हो जाते हैं जब कि उस समय (फलोद्गम) ह्रीन की उपस्थिति होने लगती है जो पतझड़ के समय अधिक रहती है। इसी प्रकार पुष्प की पंखुड़ियाँ एवं कलिका में अत्यल्प Rhein के साथ Sennidine रहता है किन्तु सेनोसाइड केवल कलिका में रहता है।

एन. एन. काजी, एम. एल. खोराना, एम. एन. संघवी, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १, १९६८, ८-११ ।

97. Cassia marginata.

१६८. इसके फूलों में प्रधान रूप से leucoanthocyanidin एवं कुछ anthocyanin रहता है।

डी. आदिनारायण एवं टी. आर. शेषाद्रि, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ४, २, १९६६, ७३-७५ ।

98. Cassia obtusifolia Linn.

99. Cassia tora Linn. **सं०-चक्रमर्द**

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

१६९. इस शोधपत्र में इस बात का समर्थन किया गया है कि यह दोनों वस्तुत: भिन्न-भिन्न जातियाँ हैं, न कि समानार्थी नाम जैसा कुछ विद्वानों का मत है।

आर. मिश्रा, जे. एस. सिंह एवं के. पी. सिंह, करेण्ट साइन्स, ३७, १३, १९६८, ३८१-३८३।

100. Cassia occidentalis Linn. सं०-कासमर्द

१७०. इसके बीज, पत्र एवं मूल के विभिन्न सत्वों में से सुरासार, बेंझीन एवं पेट्रोलियमईथर द्वारा निकाले सत्वों में जीवाणुविरोधी गुण पाया गया जो इनमें के उड़नशील तैल के कारण है। तनुस्तर वर्ण लेखीय अध्ययन (Thin layer chromatography) से देखा गया कि पत्र तैल में १०, मूल तैल में ९ एवं बीज तैल में ६ घटक होते हैं।

के. एन. गैंड,, आर. डी. बुधिराज, आर. एन. कौल, इंडि. जर. फार्मे., २८, ९, १९६६, २४८-२४९।

१७१. इसके पत्तों का स्थूल एवं सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन तथा रासायनिक अध्ययन किया गया है।

देखें–१७३।

101 Cassia senna Linn.

देखें–१६५।

102. Cassia siamea Linn. म०-कसीड

१७२. इसके तने की छाल से एक द्रव्य lupenone प्राप्त किया गया है।

श्रीमती ए. चटर्जी, आर. यु., एस. के. एस., एस. वी., जर. इंडि. केमि. सोसा. ४३, १, १९६६, ६३-६४।

103. Cassia tora Linn.

१७३. इस द्वितीय लेख में C. tora L. एवं C. occidentalis L.

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

के पत्रों का स्थूल एवं सूक्ष्म रचनात्मक तथा रासायनिक अध्ययन किया गया है। चर्मरोगों में इनकी उपयोगिता इनमें के chrysophanol के कारण है।

सी. एस. शाह, एस. एम. जे., एस. कादरी एवं कु. एम. पी. त्रिपाठी, सार, २० इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८२।

१७४. C. tora यह C. obtusifolia से भिन्न एक स्वतन्त्र जाति है।

देखें–१६९।

104. Catharnthus roseus (L) G. Don. **हि०-सदाबहार**

१७५. सदाबहार का उपर्युक्त लैटिन नाम निर्धारित किया गया। पूर्व नाम Vinca rosea को अशुद्ध सिद्ध किया गया है।

देखें–७००।

105. Cedrela toona Roxb. **हि०-तून**

१७६. इसके पत्तों में पाई जानेवाली परिवर्तनशीलता का अध्ययन किया गया है। सामान्यतः इसके पत्र असमपक्षवत् विभक्त (imparipinnate) होते हैं किन्तु समपक्षवत् (Pinnate) तथा द्विपक्षवत् विभक्त प्रकार के पत्र पाये जाने का उल्लेख किया गया है।

एस. आर., सी. एम., बी. ए. एवं बी. डी., साइन्स, कल्चर, ३३, ९, १९६७, ४०५-४०६।

१७७. इसके काष्ठ से पृथक् किये गये एक नये Sesquiterpene alcohol की संरचना का विवेचन किया गया है। इसके अतिरिक्त इनमें से कुछ के आंशिक संश्लेषण का भी विवेचन है।

बी. ए. नाग संपागी, एल. यांकोव एवं सुखदेव, टेट्रा. लेट., १६, १९६८, १९१३-१९१८।

106. Cedrus deodara (Roxb.) Loud. **हि०-देवदार**

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

१७८. इसके सुगंधि तैल में के दो प्रमुख Sesquiterpene–α and β Himachalenes की संरचना एवं विन्यास रसायन का विवेचन है।

टी. सी. जोसेफ एवं सुखदेव, टेट्रा., २४, १९६८, ३८०९-३८२७, ३८४१-३८५२।

१७९. इसमें के सुगन्धि तैल के एक अन्य sesquiterpene-Himachalol के पृथक्करण तथा संरचना का अध्ययन है।

एस. सी. बिसार्या एवं सुखदेव, टेट्रा. २४, १९६८, ३८६१-३८६७।

१८०. एक अन्य Sesquiterpenoid-Allohimachalol का विवेचन है।

एस. सी. बिसार्या एवं सुखदेव, टेट्रा. २४, १९६८, ३८६९-३८७९।

107. Celastrus paniculatus Willd. **सं०-ज्योतिष्मती**

१८१. मालकांगुनी (हिं०) के तेल के पॉलीइस्टर का परीक्षण श्वेत चूहों पर किया गया। केन्द्रीय वातनाड़ी संस्थान पर इसका प्रभाव सौमनस्यकारक (Tranquiliser) है तथा साथ ही साथ इससे सुस्ती नहीं होती। अधिक मात्रा में यह उत्तेजक है।

जोगलेकर, जी. बी., बलवानी, जे. एच. एवं ब्राह्मे, जी. एन., जर. रिस. इंडि. मेडि., १, २, १९६६, १९०-१९५।

108. Celtis australis Linn. **पं०-खर्क, ब्रमजी**

१८२. इसकी छाल के रासायनिक विश्लेषण से Betulin, 3, 3'--di-o-methylellagic acid एवं उसका क्षाराभ, gallic acid एवं quebrachitol ये द्रव्य पाये गये।

वी. एम. चारी, एस. नीलकण्टन एवं टी. आर. शेषाद्रि, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ६, ५, १९६८, २३१–२३४।

109. Centella asiatica (Linn.) Urban; Syn. Hydrocotyle asiatica Linn. **सं०-मण्डूकपर्णी, हिं०-ब्राह्मी (उ० प्र०)**

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

१८३. ४५ से ५० आयु के ४३ स्वस्थ व्यक्तियों में इसके पंचांग के चूर्ण की गोलियों का उपयोग ६ मास तक किया गया। शरीर के विभिन्न घटकों आदि के अध्ययन से देखा गया कि इसमें रसायन गुण है। तुलनात्मक अध्ययन में ये परिणाम पुनर्नवा (B. diffusa) में दृष्टिगोचर नहीं हुए।

एम. ह्वी. आर. अप्पाराव, एस. पी. उषा, एस. एस. राजगोपालन्, आर. सारंगन, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, १, १९६७, ७९–८५।

१८४. भारत में उत्पन्न हुए इस पौधे के रासायनिक विश्लेषण से Asiatic acid नामक टर्पिनाइड तत्व प्राप्त किया गया जो मॅडागास्कर में होनेवाले पौधे का प्रमुख अंश है।

टी. दत्ता एवं यू. पी. वसु, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, ११, १९६७, ५८६–५८७।

१८५. इसके terpenoid के अध्ययन के अन्तर्गत Isothankuniside नामक Triterpene glycoside के शुद्ध रूप में प्राप्त करने तथा Isothankunic acid की रासायनिक संरचना के निर्धारण के सम्बन्ध में यह अध्ययन है।

टी. दत्ता एगं यू. पी. वसु, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ६, ९, १९६८, ५४३–५४५।

१८६. इसके स्वरस एवं उससे प्राप्त अन्य द्रव्य, Isothankuniside एवं BK. Compound में चूहों में मुख द्वारा देने से प्रजनन विरोधी गुण पाया गया।

टी. दत्ता एवं यू. पी. वसु, इंडि. जर. एक्सपेरि. बायो., ६, ३, १९६८, १८१–१८२।

110. Centipeda minima (Linn.) A. Br. et Aschers.

हि०-नकछिकनी

१८७. इसके विश्लेषण से इसमें lupeol acetate, lupeol, hexacosenol, β-sitosterol एवं stigmasterol पाये गये हैं।

ए. बी. सेन एवं वाइ. एन. शुक्ल, जर. इंडि. केमि. सोसा., सार, ६ ठवाँ वार्षिक सम्मेलन, ४५, १९६८, ४१–४२।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

111. Cestrum diurnum.

112. C. nocturnum.

१८८. इनके पत्तों से saponin पृथक् किये गये एवं इनके गुण कर्मों का अध्ययन किया गया तथा साथ में इनके कार्यों की तुलना हृदय पर कार्य करनेवाले ग्लाइकोसाइड Quabain से की गई।

ए. आर. राय एवं एम. एल. चटर्जी, इंडि. जर. एक्सपेरि. बायो. ६, ३, १९६८, १९०–९२।

113. Chenopodium album Linn. हि-बथुवा

१८९. इसका रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत है। इसमें के अविलेय अंश में magnesium oxalate की उपस्थिति प्रतिपादित है।

नि. च. शर्मा एवं वि. कु. सूर, करेंट साइन्स, ३५, ८, १९६६, २०७–२०८।

114. Chloroxylon swieteina DC. हि०-भिर्र ; म०-बिल्लु

१९०. इसके गोंद के रासायनिक संगठन के विषय में अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

एस. बोस, एन. एन. मोदी एवं एस. मुकर्जी, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ६, ८, १९६८, ४२८–४३०।

१९१. इसके पत्तों के रासायनिक विश्लेषण से प्राप्त द्रव्यों में से एक नये Furanocoumarin–Xylotenin के स्वरूप का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

एस. के. तालपत्रा, कु. एम. बी., श्रीमती बी. टी. एवं बी. सी. डी., जर. इंडि. केमि. सोसा., ४५, ९, १९६८, ८६१–८६३।

115. Chonemorpha macrophylla G. Don.

१९२. इससे प्राप्त क्षाराभ Chonemorphine के स्वरूप का रासायनिक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

ए. चटर्जी एवं बी. दास, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, ४, १९६७, १४६–१५० ।

116. Chrysanthemum parthenium. (L) Bernh.

१९३. इससे प्राप्त Parthenolide नामक Sesquiterpenic lactone के परिशुद्ध विन्यास (absolute configuration) का निर्धारण किया गया है।

ए. एस. वावडेकर, जी. आर. केलकर एवं एस. सी. भट्टाचार्य, टेट्रा. लेट., ११, १९-६६, १२२५–१२२७।

117. Cicer arietinum Linn. **सं०-चणक**

१९४. शरीर के कोलेस्टेरॉल को कम करने की दृष्टि से चने के स्नेहीय सत्व (lipid extract) का अध्ययन चूहों में किया गया। तुलना के लिये कुसुम्भ, सरसों तथा चिनियाबदाम के तेलों का उपयोग किया गया। यह देखा गया कि चने का स्नेहीय सत्व सबसे अधिक शक्तिशाली है एवं यह सम्भवत: इसका उत्सर्ग बढ़ाकर कार्य करता है जब कि अन्य स्नेहों से कोले-स्टेरॉल सीरम से यकृत या अन्य धातुओं में चला जाता है।

के. एस. माथुर, एन. सी. शर्मा, आर. डी. शर्मा, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५६, ८, १९६८, १२५१–१२५५।

118. Cinnamomum Species. **सं०-नागकेशर**

१९५. गुजरात में नागकेशर के नाम से बिकने वाले तीसरे द्रव्य के स्थूल तथा सूक्ष्म स्वरूप का विवेचन है। इसके पूर्व दो का विवेचन किया जा चुका है। विभिन्न विक्रेताओं से प्राप्त नमूनों में से केवल एक में Mesua ferrea के केशर थे। ७ स्थानों से Ochrocarpus longifolius B. & H. की कलिकाएँ प्राप्त हुईं तथा ४ स्थानों से Cinnamomum की किसी जाति के अपक्व फल आये। यह फल सम्भवत: C. wightii के हो सकते हैं एवं इसी का स्थूल तथा सूक्ष्म अध्ययन प्रस्तुत है।

कु.९ स. सत्कोपन एवं पी. जे. थॉमस, नागा., ११, ९, १९६८, ४७४–४७७।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

119. Cinnamomum camphora Siebold.

१९६. इसके तेल के नीले अंश से दो नये Sesquiterpenoid–Campherenone एवं Campherenol पृथक् किये गये जिनके स्वरूप का निर्धारण किया गया है।

एच. एच., एन. एस. एवं टी. टी., टेट्रा. लेट., ५०, १९६७, ५०६९–५०७०।

120. Cinnamomum wightii Meisn.

देखें–१९५, २७६।

121. Cissampelos pareira Linn. सं०-पाठा

१९७. इसके मूल के रासायनिक विश्लेषण सम्बन्धी इस तीसरे लेख में इसमें के क्षाराभ Hayatinin के रासायनिक स्वरूप के सम्बन्ध में अध्ययन है।

ए. के. भटनागर एवं एस. पी. पोपली, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, ३, १९६७, १०२–१०४।

१९८. प्रस्तुत लेख में इसके मूल से प्राप्त एक क्षाराभ Hayatidin के विन्यास रसायन का विवेचन किया गया है।

ए. के. भटनागर एवं एस. पी. पोपली, एक्सपेरिएन्शिया, २३, ४, १९६७, २४२–२४३।

१९९. प्रस्तुत लेख में इसकी जड़ में पाये गये प्रधान Quaternary alkaloid—Cissamine के रासायनिक स्वरूप का अध्ययन किया गया है।

एफ. अनवर, एस. पी. पोपली, आर. एम. श्रीवास्तव एवं एम. पी. खरे, एक्सपेरिएन्शिया, २४, १०, १९६८, ९९९।

122. Cissus quadrangularis Linn.; Syn. Vitis quadrangularis Wall. हिं०-हडजोड़

२००. इससे पृथक् किये गये एक स्टेरायड का प्राणियों में उत्पन्न किये गये भग्न एवं भग्न के रोगियों पर अध्ययन किया गया है। प्राणियों में

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

आइसोटोप की सहायता से यह देखा गया कि अस्थिभग्न-रोपण की तीनों अवस्थाओं पर इसका लाभदायक प्रभाव पड़ता है। २२ रोगियों के अध्ययन में यह देखा गया कि इसके सूचिका भरण द्वारा प्रयोग से शीघ्र लाभ होता है। वृद्ध की अपेक्षा तरुण रोगी में इससे अधिक लाभ देखा गया।

जे. डी. गोडे, गु. च. प्रसाद, एस. पी. सेन एवं के. एन. उडुप, जर. इंडि. मेडि. एसो., ४६, ९, १९६६, ४७५–४८०।

२०१. इसके रासायनिक विश्लेषण के सम्बन्ध में इस दूसरे लेख में इसमें के स्टेरायड के दो अंशों का अध्ययन प्रस्तुत है।

एस. पी. सेन, करेण्ट साइन्स, ३५, १२, १९६६, ३१७।

२०२. इसके काण्ड से एक ग्लूकोसाइड प्राप्त किया गया। इसके गुण-कर्मों का प्राणियों में अध्ययन किया गया। इससे हृदय की गति कम होती है तथा रक्त दबाव कम होता है। गिनीपिग में इसकी न्यूनतम मारक मात्रा १५·५ मि० ग्रा० प्रति किलो है।

व्ही. एस. सुब्बू, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., सार, १२, २, १९६८, १५।

123. Citrullus colocynthis Schrad. **सं०-इन्द्रवारुणी**

२०३. इसके मूल से प्राप्त Coloside A नामक ग्लाइकोसाइड का अध्ययन किया गया है। यह पृथक्कृत गर्भाशय संकोच को कम करता है। खरगोश के आंत्र का संकोच नहीं करता। चूहों में मुख द्वारा देने से विरेचन हुआ किन्तु सूचिका द्वारा नहीं हुआ। सम्भवत: इसकी क्रिया मुख द्वारा देने के बाद इसमें परिवर्तन होने से होती हो या गर्भाशय संकोचक आदि कहे गुण किसी अन्य अंश से हों। इसमें आंत्र पर हिस्टामीनरोधी एवं एसिटिल-कोलीन रोधी क्रियाएँ पाई गईं। इससे प्राणी पृथक्कृत हृदय के संकोच एवं गति में कमी होती है।

एस. पी. बनर्जी, पी. सी. डण्डिया, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., ११, २, १९६७, ३२।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

124. Citrus reticulata Blanco. **हि०-नारंगी, सन्तरा**

२०४. इसके फलों के छिलके के रासायनिक पृथक्करण से Tangertin, Citromitin, 5-0–desmethylcitromitin, hesperidin एवं neohesperidin प्राप्त किये गये।

वी. पी. चालिहा, जी. पी. शास्त्री एवं पी. आर. राव, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, ६, १९६७, २३९–२४१।

125. Clausena dentata (Willd.) R. & S.

२०५. इसके मूल की छाल से दो नये Coumarin–Dentatin एवं Nordentatin पृथक् किये गये जिनकी संरचना का निर्धारण किया गया है।

टी. आर. गोविन्दचारी, वी. आर. पाई, पी. एस. सुब्रह्मनियम एवं एन. मुथुकुमार स्वामी, टेट्रा., २४, १९६८, ७५३–७५७।

126. Clausena heptaphylla Wt. & Arn.

२०६. इसके मूल के रासायनिक विश्लेषण से दो नये Pyranocoumarins—Clausenin एवं Clausenidin पृथक् किये गये जिनके स्वरूप का अध्ययन किया गया है।

वी. एस. जोशी एवं वी. एन. कामत, टेट्रा. लेट., ४६, १९६६, ५७६७–५७७३।

२०७. इसके मूल से दो नये pyranocoumarins—Clausenin एवं Clausenidin पृथक् किये गये एवं इनकी संरचना का निर्धारण किया गया है।

वी. एस. जोशी, वी. एन. कामत एवं ए. के. सक्सेना, टेट्रा., २३, १९६७, ४७८५–४७८९।

२०८. इससे प्राप्त एक नये क्षाराभ Haptaphylline की संरचना का निर्धारण किया गया है।

वी. एस. जोशी, वी. एन. कामत, ए. के. सक्सेना एवं टी. आर. गोविन्दचारी, टेट्रा-लेट., ४१, १९६७, ४०१९–४०२२।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

127. Claviceps purpurea Linn. अं०-Ergot

२०९. उत्तर प्रदेश के उष्ण कटिबन्धीय मैदानों में इसके सम्वर्धन करने के सम्बन्ध में अध्ययन किया गया है। लखनऊ के राष्ट्रीय वनस्पति उद्यान में किये गये प्रयोगों में प्रर्याप्त सफलता प्राप्त हुई क्योंकि इसमें एरगोटॉक्सिन क्षाराभ की मात्रा ०·२७% तक पाई गई जो भारतीय अधिकृत मानक से अधिक है।

एल. पी. मिश्र, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, १, १९६७, ७१–७६।

128. Clerodendron indicum (Linn.) Kuntze सं०-भारंगी

देखें–२१४।

129. Clerodendron inerme (Linn.) Gaertn. हिं०-लंजई

२१०. इसके पत्तों के जलीय एवं सुरासारीय सत्वों का प्राणियों में गुणकर्मात्मक अध्ययन किया गया। इसके जलीय सत्व में एसिटिलकोलीन सदृश क्रिया पाई गई। यह अॅड्रीनलीन के रक्तदवाव वृद्धिकर प्रभाव को बढ़ाता है। यह उद्वेष्ठन निरोधी तथा गर्भाशय संकोचक है। इसके सुरासारीय सत्व में रक्तदवाव ह्रासकर एवं उद्वेष्ठन निरोधी गुण पाया गया। उपर्युक्त कर्मों के लिये आवश्यक मात्रा से अत्यधिक मात्रा में मृत्यु हुई।

एम. ए. पटेल, नागा., १०, ५, १९६७, २०४–२१०।

130. Clerodendron infortunatum Linn. हिं०-भांट

२११. इसके मूल में पाये जानेवाले steroid glucoside का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। Momordica charantia से पाये गये ग्लाइकोसाइड से यह बहुत कुछ समान है।

ए. के. बरुआ, पी. के. सान्याल एवं पी. चक्रवर्ती, जर. इंडि. केमि. सोसा., ४४, ६, १९६७, ५४९–५५१।

131. Clerodendrum phlomidis Linn f.

सं०-अग्निमंथ लघु; हिं०-टेकार

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

२१२. इसके पत्र मधुमेह में लाभदायक होने से इनका स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन एवं मात्रात्मक मूल्य आदि प्रस्तुत किये गये हैं जिससे इनकी पहचान आसानी से हो सके तथा बृहद् अग्निमंथ से पार्थक्य भी किया जा सके।

कृ. च. चुनेकर एवं के. रघुनाथन्, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, १, १९६७, ४८–५६।

२१३. इसके काण्ड में D–Mannitol, β-D glucoside of B. Sitosterol, B. Sitosterol एवं Ceryl alcohol ये द्रव्य पाये गये।

आर. के. गुप्त, एस चन्द्र एवं वी. महादेवन, इंडि. जर. फार्मेसी, २९, ३, १९६७, १०२।

132 (i) Clerodendron serratum (Linn.) Moon.

(ii) Clerodendron indicum Kuntze सं०-भारंगी

२१४. भारंगी नाम से प्रयुक्त उपर्युक्त दोनों वनस्पतियों के मूल का स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। द्रव्य विनिश्चय की दृष्टि से दोनों के विभेदक लक्षण दिये गये हैं।

सं. प्रसाद, र. ला. खोसा, अ. कु. वांही एवं र. च. भारद्वाज, जर. रिस. इण्डि. मेडि., १, २, १९६७, २२३–२२९।

२१५. C. serratum का सुरासारीय सत्व हिस्टामीन की कमी करके उससे होनेवाले दुष्परिणाम जैसे—रक्त दवाव का कम होना एवं श्वसनिकाओं का संकोच होना आदि को कम करता है।

एन. के. गुप्त, एस. एस. गुप्त, महेशराय, इण्डि. जर. फीजियोला. फार्माकोला., सार, ११, २, १९६७, ५५; इण्डि. जर. मेडि. साइ. २१, १२, १९६७, ७९५–७९९।

133. Clerodendron splendens G. Don.

२१६. इसके पत्तों का सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

जे. ए. इनामदार, प्रोसीडिंग इण्डि. अॅकेडेमी साई., बी, ६७, १, १९६८, ८–१७।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

134. Clitorea ternatea Linn. सं०-अपराजिता

२१७. इसके बीजों का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

डी. के. कुलश्रेष्ठ एवं एम. पी. खरे, करेंट साइन्स, ३६, ५, १९६७, १२४–१२५।

135. Cocos nucifera Linn. सं०-नारिकेल

२१८. चूँकि इसकी जटा को जलाकर निकाला तेल चर्मरोगों में प्रयोग किया जाता है इसलिये इसके जीवाणुनाशक गुण का अध्ययन किया गया एवं परिणाम उत्साहवर्धक पाये गये।

के. एन. गौंड एवं ए. के. सिंगला, इण्डि. ड्रग्स, ४, १२, १९६७, ५१–५४।

136. Colchicum Sp. हिं-सुरंजान

२१९. इनके सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई है। इनका रासायनिक संगठन, विभिन्न भेद, सत्व परिमापन आदि का विवेचन किया गया है।

के. आर. फेल एवं डोरीन रैमूस्डेन, लायडिया, ३०, २, १९६७, १२३–१४०।

137. Commelina benghalensis Linn. हिं०-केना

२२०. चालीस रोगियों में इसके कल्क को, ६ माशा दो बार, की मात्रा में प्रयोग किया गया। यह देखा गया कि सभी प्रकार के शोफ में यह निरापद मूत्रल है। यकृत जन्य शोफ में इससे लाभ नहीं होता।

एस. के. मिश्रा एवं य. न. उपाध्याय, करेन्ट मेडि. प्रॅक्टि., ११, ३, १९६७, १६६–१७१।

138. Commiphora mukul (Hook. ex Stocks) Engl. सं०-गुग्गुलु

२२१. इसके गोंद के रासायनिक अध्ययन के सम्बन्ध में यह तीसरा लेख है जिसमें इसके methylation तथा periodate oxidation सम्बन्धी अध्ययन है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

एस. बोस एवं के. सी. गुप्त, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ४, २, १९६६, ८७–८९।

२२२. इसमें आमवात के ९८ रोगियों पर किये गये इसके परीक्षण का परिणाम है। आमवात तथा सन्धिवात में इससे निश्चित लाभ देखा गया। बहुत बढ़े हुए रोगियों में कोई विशेष लाभ नहीं हुआ। इससे कोई दुष्परिणाम नहीं हुवे।

पु. देव, ह्यूमेटिस्म, ३, ३, १९६८, १०४–१११।

२२३. चूजों में कृत्रिम कोलेस्टेरालाधिक्य (hypercholestraemia) उत्पन्न करके, गुग्गुलू के विभिन्न अंशों के, इसको कम करने के प्रभाव का अध्ययन किया गया! कोलेस्टेरालाधिक्य को रोकने की क्षमता की दृष्टि से भी प्रयोग किये गये। प्रथम प्रयोग में, अंश 'ए' में सबसे अधिक, अंश 'सी' में मध्यम एवं अंश 'बी' में सबसे कम क्षमता पाई गई। द्वितीय प्रयोग में यह देखा गया कि प्रतिबन्धन की दृष्टि से इनमें से किसी अंश में लाभदायक गुण नहीं हैं।

वी. एल. मेहता, सी. एल. मल्होत्रा एवं एन. एस. कालरा, इण्डि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १२, ३, १९६८, ९१–९५।

२२४. खरगोशों में कोलेस्टेरॉल तथा वनस्पति घी पिलाकर कृत्रिम रक्त स्नेहमयता उत्पन्न की गई एवं उनमें गुग्गुलू का प्रयोग किया गया। यह देखा गया कि इससे रक्तगत स्नेह की मात्रा एवं स्कंदन शक्ति में कमी हो जाती है। इन परिणामों तथा शास्त्रीय आधार पर इसका मेदोरोग से ग्रस्त एवं हृद्रोग तथा पक्षवध के रुग्णों पर, जिनमें रक्त-स्नेहमयता प्राय: अधिक हो जाती है, उपयोग किया गया जिसमें पर्याप्त सफलता मिली। गुग्गुलू का उपयोग स्नेहमयता जनित, रक्तस्कन्दन को कम करने के लिये लाभदायक है जिससे तज्जन्य हृद्रोग एवं पक्षवध आदि रोगों का प्रतिबधन किया जा सकता है।

एस. एन. त्रिपाठी, वी. वी. एस. शास्त्री एवं जी. वी. सत्यवती आचार्या, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, २, १९६८, १४०–१५४।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

139. Convolvulus pluricaulis Chois. सं०-शंखपुष्पी

२२५. इसका स्वरस कुत्ते के रक्तचाप को कम करता है तथा मेढक एवं कुत्ते के हृदय के लिये भी वलदायक है। तुलनात्मक अध्ययन की दृष्टि से शंखपुष्पी एवं जटामांसी का प्रभाव कूष्मांड, रसोन एवं गुंजा की अपेक्षा श्रेष्ठ है।

गो. ना. चतुर्वेदी, आर. के शर्मा, एस. पी. सेन, जर. रिस. इण्डि. मेडि. १, १, १९६६, ५७–६७।

140. Cordia myxa Roxb. non Linn. हि०-लिसोडा

२२६. इसके बीजों के तैल में पाये जानेवाले घटकों का अध्ययन किया गया है।

आर. डी. तिवारी, के. सी. श्रीवास्तव, एस. शुक्ल, आर. के. वाजपेयी, प्लॅन्टा मेडिका, १५, ३, १९६७, २४०–२४४।

141. Coronopsis didyma.

२२७. चूंकि शाहतरा या पित्तपापडा में इसकी मिलावट पाई गई इसलिये इसका Fumaria indica के साथ तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

देखें–३३६।

142. Coscinium fenestratum (Gaertn) Colebr.

सं०-कालीयक

२२८. उपर्युक्त वनस्पति आयुर्वेद का कालीयक द्रव्य है, यह सिद्ध किया गया है।

रा. सु. सिंह एवं भृ. ना. सिंह, इण्डि. ड्रग्स, ५, १, १९६७, १५–१६।

143. Crataeva nurvala Buch.-Ham. हि०-वरुण

२२९. प्रस्तुत शोधपत्र में आयुर्वेदिक उद्यान से शीत ऋतु में संग्रहीत

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वरुणत्वक् के सुरासारीय निस्सार के जलविलेय अंश का विभिन्न अवयवों पर प्रभाव देखा गया है। इसमें गर्भाशय संकोचक एवं कोलीन घर्मोत्तेजक (cholinergic) क्रिया पाई गई। इसमें शोथहर, आक्षेपहर, वेदनाहर तथा मूत्रोत्सर्ग प्रबलीकरण (diuretic potentiating) क्रिया नहीं पाई गई। अन्तः विद्रधि में जो इसका उपयोग बतलाया जाता है वह सम्भवतः इसके जीवाणु नाशक गुण के कारण हो सकता है।

दी. ना. प्रसाद, प्र. कु. दास एवं रा. सु. सिंग, जर. रिस. इण्डि. मेडि. १, १, १९६६, १२०–१२९।

२३०. इस लेख में उपर्युक्त वृक्ष की त्वचा का स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

सं. प्रसाद, रा. सु. सिंह, आई. सुन्दरेश, जर. रिस. इण्डि. मेडि., १, १, १९६६, १४९–१५४।

२३१. शस्त्रकर्म के पूर्व वरुण एवं शिग्रुत्वक् क्वाथ को 'पूर्वकर्म' की दृष्टि से देने पर देखा गया कि शल्यकर्मोत्तर स्वास्थ्य लाभ की अवधि में २५% की कमी हुई।

प्र. ज. देशपाण्डे, गु. च. प्रसाद, स. दे. राय, प. सु. शंकरन, जर. रिस. इण्डि. मेडि., १, १, १९६६, १५–२८।

144. Crocus sativus Linn. सं०-कुंकुम

२३२. इसकी खेती के सम्बन्ध में अध्ययन प्रस्तुत है। कुमाऊँ तथा उत्तराखण्ड में इसकी खेती में सफलता प्राप्त हुई है।

आर. पी. श्रीवास्तव, इण्डि. ड्रग्स, ६, १, १९६८, १७–२१।

145. Crotalaria Sp.

२३३. इसके क्षाराभों में से एक नया pyrrolizidine–aminoalcohol पृथक् किया गया है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

सीं. के. अटल, के. के. कपूर, सी. सी. जे. सी., एल. डब्लु. एस., टेट्रा. लेट., ६, १९६६, ५३७–५४४।

146. Crotalaria Sp.

२३४. इस genus की विभिन्न species के रासायनिक अध्ययन सम्बन्धी इस ७ वें लेख में C. mucronata, C. brevifolia एवं C. laburnifolia के प्रमुख क्षाराभों का अध्ययन प्रस्तुत है। इनमें से प्रथम दो से Usaramine एवं तीसरे से Anacrotine नामक क्षाराभ पाये गये।

आर. एस. एस, आर. एन. जी., सी. के. ए., सी. सी. जे. सी. एवं एल. डब्लू. एस., इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ५, १२, १९६७, ६५५–६५६।

147. Crotalaria agatiflora Schwienf.

२३५. क्रोटेलेरिया की अनेक जातियों में विषैले तत्व होते हैं जो कैन्सर रोधी भी हो सकते हैं। इस शोधपत्र में सुरासारीय सत्व का गुणकर्मीय अध्ययन प्रस्तुत है। इसमें Madurensine नामक नया क्षाराभ पाया गया है। इसका सुरासारीय सत्व कुत्ते में रक्त दबाव को कम करता है एवं अनैच्छिक मांसपेशियों पर कुछ उद्वेष्ठनरोधी तथा शिथिल कर प्रभाव करता है।

एम. एल, शर्मा, जी. वी. सिंह एवं बी. जे. राय घटक, इण्डि. जर. एक्सपेरि. बायो., ५, ३, १९६७, १४९–१५०।

148. Crotalaria laburnifolia Linn.

२३६. इससे एक क्षाराभ Crotalaburnine अन्य वैज्ञानिकों द्वारा (एमेनुएल एवं घोष, इंडि. जर. फार्मे., २६, १९६६, ३२२-३२३) अलग किया गया है जिसका और रासायनिक अध्ययन शेषाद्रि एवं अन्य (करेन्ट साइन्स, ३६, १९६७, ३६३) विद्वानों द्वारा किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन इस क्षाराभ के कुछ गुणकर्मों पर प्रकाश डालता है। प्राणियों के आंत्र पर यह पेपेह्वरीन सदृश कार्य करता है। हिस्टामीन से उत्पन्न किये गये श्वसनिका

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

संकोचों को रोकने में यह समर्थ नहीं है। प्रोकेन की तुलना में इसमें स्थानिक वेदना हर गुण अष्टमांश है।

एस. स्नेहलता एवं एम. एन. घोष, इण्डि. जर. मेडि. रिस., ५६, ६, १९६८, १३८६–१३९०।

२३७. इसमें कुछ शोथहर गुण पाया गया।

एच. सिंग एवं एम. एन. घोष, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., सार, १२, २, १९६८, २२।

149. Crotalaria mucronata Desv.

२३८. इसके बीजों के रासायनिक विश्लेषण से प्राप्त क्षाराभों में से प्रमुख क्षाराभ Mucronatinine की संरचना का निर्धारण किया गया है। यह Retrorsine का Diastereomer है। इस क्षाराभ में जीवाणुरोधी क्रिया भी नहीं पाई गई।

एन. एस. भका एवं आर के शर्मा, टेट्रा., २४, १९६८, ६३१९–६३२६।

150. Croton sparsiflorus Morong.

२३९. इसके रासायनिक विश्लेषण से एक नया Proaporphine क्षाराभ पाया गया है जो Crotsparine है।

डी. एस. भाकुनी एवं एम. एम. धर, एक्सपेरिएन्शिया, २४, १, १९६८, १०–११।

२४०. इससे एक नया क्षाराभ पृथक् किया गया है जिसका नामकरण Crotoflorine किया गया एवं इसकी रासायनिक संरचना का निर्धारण भी किया गया है।

श्रीमती ए. चटर्जी एवं पी. एल. मजुमदार, जर. इंडि. केमि. सोसा., ४५, १२, १९६८, १०८७–१०९०।

151. Croton tiglium Linn. सं०-जयपाल

२४१. इसके तैल के रासायनिक विश्लेषण से प्राप्त Tetracyclic

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

diterpene-Phorbol की संरचना एवं विन्यास रसायन (Stereochemistry) का विवेचन किया गया है ।

ई. एच., एच. बी., एच. वी., एम. जी., इ. एच, जी. के., एच. के., एच. यू. एस., सी. वी. एस. एवं एच. डब्लू. टी., टेट्रा. लेट., ३३, १९६७, ३१६५–३१७० ।

२४२. इसके तेल में कैन्सर उत्पन्न करने में सहायक द्रव्य होने का उल्लेख है । इसमें के प्रमुख द्रव्य Phorbol जो कि diterpene है, का रासायनिक अध्ययन किया गया है ।

एल. सी., एम. एल. जी, जी. जी. पी., जर. केमि. सोसा., इंग्लैंण्ड, सी, १९६८, ११, १३४७–१३६८ ।

152. Cucurbita maxima Duch. हिं०-कद्दू

२४३. इसके बीजों के कृमिघ्न गुण का अध्ययन किया गया । जल, ईथर तथा सुरासार सभी से निकाले सत्वों में यह गुण पाया गया ।

एम. सी. श्रीवास्तव एवं एस. डब्लु. सिंग, इण्डि. जर. मेडि. रिस. ५५, ६, १९६७, ६२९–६३२ ।

153. Cuminum cyminum Linn. हिं०-जीरा

२४४. इससे चूहों के स्तन उतक में ही केवल वृद्धि पाई गई, जब कि मंगरैल से इसके साथ ही दुग्धवृद्धि भी काफी होती है ।

आइ. पी. अग्रवाल, एम. वी. एस. अचर, आर. वी. बोरडकर एवं एन. राय, इंडि. जर. मेडि. रिस. ५६, ६, १९६८, ८४१–८४४ ।

154. Cupressus sempervirens Linn.

155. C. torulosa D. Don. हिं०-सुरू

२४५. इनके पत्तों के रासायनिक विश्लेषण से एक नया नैसर्गिक रंजक तत्व Cupressuflavone प्राप्त किया गया जिसकी संरचना का निर्धारण किया गया है ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वी. वी. एस. मूर्ति, पी. वी. रमन एवं टी. आर. शेषाद्री, टेट्रा., २३, १९६७, ३९७–४०४।

156. Curcuma longa Linn. हिं-हरदी

२४६. इसमें के रंजक द्रव्य Curcumim, जिसका अनेक क्षेत्रों में उपयोग होता हैं, पृथक् करने को एक सुधारी हुई विधि का उल्लेख है।

कु. एन. जानकी एवं जे. एल. बोस, जर. इंडि. केमि. सोसा., ४४, ११, १९६७, ९८५-९८६।

157. Cuscuta reflexa Roxb. हिं०-आकाश बेल

२४७. आम के वृक्ष पर पाये गये इस पराश्रयी पौधे में Mangiferin पाया गया जो इस बात को सिद्ध करता है कि पराश्रयी पौधे के रासाय नक संगठन पर पोषद (host) पौधे का परिणाम होता है।

एस. एस. सुब्रह्मनियन एवं ए. जी. आर. नायर, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ४, ७, १९६६, ३३५-३३६।

158. Cymbopogon martini (Roxb.) Stapf सं०-रौहिष

२४८. इसकी कृषि तथा इसके तैल के सम्बन्ध में अध्ययन किया गया है।

जी. वी. करीर एवं आर. एम. बेरी, इंडि. फारे., ९२, २, १९६६, १२७-१३१।

159. Cynodon–genus. सं०-दूर्वा

२४९. दूर्वा के वंश (genus) तथा उसकी भारत में प्राप्त सभी जातियों (species) का वानस्पतिक अध्ययन विस्तार के साथ किया गया है।

एस. के. जैन, बुले. बोटेनि. सर्वे. इंडि., ९, १९६७, १३४-१५१।

160. Cyperus species.

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

का भी संग्रह इन नामों से होता है। इसमें Fritillaria roylei Hook. का भी मिश्रण रहता है। इनके स्वरूप आदि का विवेचन किया गया है।

मा. उनियाल, सचि. आयु., १८, ९, १९६६, ५-६; मा. उनियाल एवं आर. के. इस्सर, नागा., ९, ८, १९६६, २७६-२८४।

258. Lilium wallichianum Schutlf. सं०-आदित्यभक्ता

४००. उपर्युक्त पौधा जीवनीयगणोक्त आयुर्वेदीय आदित्यभक्ता द्रव्य हो सकता है क्योंकि इसका पुष्प सूर्य की दिशा के अनुसार घूमता है एवं ग्रामीण इसके कंदों का उपयोग रसायन एवं वाजीकरण के लिए करते हैं।

मायाराम उनियाल, सचि. आयु., २०. १०-११, १९६८, ७६९।

259. Limonia crenulata Roxb. हिं०-बेली

४०१. इसके पत्तों का अपस्मार में उपयोग होता है इसलिए इनका रासायनिक विश्लेषण किया गया। इससे Luvangetin नामक तत्व पृथक् किया गया।

एम. शवीर एवं ए. जमन, जर. इंडि. केमिक. सोसा., ४५, ३, १९६८, २७९-२८०।

260. Litsea consimilis

४०२. इसकी छाल के रासायनिक विश्लेषण से β–amyrin एवं β–sitosterol प्राप्त किये गये।

डी. आर. गुप्त एवं एस. के. गर्ग, जर. इण्डि. केमिक. सोसा.,४४,२, १९६७,१५६-१५७

४०३. इसके बीज तैल से β–sitosterol प्राप्त किया गया।

डी. आर. गुप्त एवं एस. के. गर्ग, इंडि. जर. केमिक. सोसा., ४५, ३, १९६८,२५०-२५२।

261. Luffa echinata Roxb. सं०-देवदाली

४०४. चूहों में कृत्रिम कामला उत्पन्न करके इसके फलों के जलीय सत्व के प्रभाव का अध्ययन किया गया। इस प्रारम्भिक अध्ययन में उत्साह वर्धक परिणाम पाये गये।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

एस. के. वापट एवं वि. चन्द्रा, इण्डि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १२, ३, १९६८, ११९-१२० ।

262. Luvunga eleutherandra Dalz.

४०५. इसके स्नेहविरहित अंश का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत है। इसमें से Ostruthin, Limonin एवं Xanthyletin पृथक् किए गए।

ए. के. गांगूली, टी. आर. जी., ए. एम. एवं पी. ए. एम., इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ४, ६, १९६६, २९२-२९४ ।

263. Luvunga scandens Buch. -Ham. बं०-लवंगफल

४०६. इसकी छाल के रासायनिक विश्लेषण से Taraxerol, Myricardiol एवं Myricolal प्राप्त किए गए।

बी. डी. पाल एवं पी. के. बोस, जर. इण्डि. केमि. सोसा.,४४ ८,१९६७,६५९-६६२ ।

264. Lycopersicon esculentum Mill. हिं०-टमाटर

४०७. इसके पत्तों में हिस्टॅमीन-रोधी एवं अॅट्रोपीन सदृश गुण पाए गए एवं इसके जलीय सत्व के शिरान्तर्गत सूचीभरण से खरगोश एवं गिनीपिग की मृत्यु हुई तथा इससे अनैच्छिक मांसपेशी की गति तथा तान बढ़ता है। इन क्रियाओं का कारण टोमेटीन द्वाराभ बतलाया गया था किन्तु प्रस्तुत अध्ययन से यह देखा गया इसमें का क्रियाशील तत्व R6 अंश है और टोमेटीन नहीं है।

ओ. चन्द्र, के. पी. गुप्त, एस. अजमल एवं पी. एन. सक्सेना, इण्डि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १२, २, १९६८, सार, ३१ ।

265. Lyonia formosa

४०८. इसके पत्तों के सुरासारीय निःस्सार से hexacosane, β-sitosterol, lupeol, α-amyrin, quercetin एवं कीटो क्रिया युक्त hydroxy triterpene प्राप्त किये गये।

ए. वी. सेन, एम. एम. धर एवं वाइ. एन. शुक्ल, जर. इण्डि. केमि. सोसा., सार, ६७वाँ वार्षिक सम्मेलन, ४५, १९६८, ४१ ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

266. Majorana hortensis Moench हिं०-मरुग्रा

४०९. इसके रासायनिक संघटकों का विवेचन किया गया है।

वोन. जी. लोवनर, प्लॅन्टामेडिका, १६, १, १९६८, ५४-५७।

267. Mallotus philippinensis Muell.–Arg. सं०-कंपिल्लक

४१०. इसके कृमिघ्न गुण का अध्ययन किया गया। यह स्फीत कृमि नाशक (taenicidal) है। इसका सुरासारीय सत्व सबसे अधिक, जलीय सबसे कम एवं ईथरीय मध्यम प्रभावशाली है। अन्तः पात्र (In vitro) अध्ययन में इसके सुरासारीय, ईथरीय एवं जलीय सत्व Cestode नाशक हैं, सुरासारीय एवं ईथरीय trematode नाशक तथा कोई भी nematode नाशक नहीं है। काइमोग्राफ द्वारा अध्ययन में देखा गया कि केंचुवा तथा चिपटे कृमि पर इनका अल्प कालिक चोभक प्रभाव होता है, किन्तु केंचुवें पर अस्थाई घातज (paralytic) प्रभाव होता है।

एम. सी. श्रीवास्तव, एस. डब्लू. सिंग एवं जे. पी. तिवारी, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५५, ७, १९६७, ७४६-७४८।

268. Mammea longifolia (Wt.) Planch & Iriana

४११. इसके मूल से दो नये Coumarin–Surangin A एवं Surangin B पृथक् किये गये जिनके स्वरूप का भी निर्धारण किया गया है।

वी. एस. जोशी, वी. एन. कामथ, जे. आर. गोविन्दचारी एवं ए. के. गांगूली, सार, २० वीं इण्डि. फार्मा. कांग्रेस, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८०।

269. Mangifera indica Linn. हिं०-आम

४१२. इसके पत्र, काष्ठसार तथा काण्डत्वक् से Mangiferin पृथक् किया गया जो xanthone वर्ग का C–glycoside है। इसकी संरचना का विवेचन किया गया है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

वी० के. भाटिया, जे. डी. रामनाथन एवं टी. आर. शेषाद्रि, टेट्रा., २३, १९६७, १३६३-१३६८।

270. Manihot esculenta Crantz हि०-शकरकंद

४१३. विभिन्न प्रकाश-अवधि (photoperiods) का अध्ययन इसके कंदो की उत्पत्ति की दृष्टि से किया गया। यह देखा गया कि १२-१६ घंटे की प्रकाश-अवधि इसके कन्द के उत्पत्ति की प्रारम्भिक अवस्था में उपयोगी है।

टी. वी. आर. नायर एवं एस. के. सिह्वा, इण्डि. जर. एक्स्पे० बायो., ६, १, १९६८, ६६।

271. Marsdenia volubilis T. Cook; Syn. Dregia volubilis Benth. ex. Hook. f. हि०-लाखन, मूर्वभिद

४१४. इसके काण्ड एवं पत्तों का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

डी. वी. राव, ई. वी. राव एवं एन. विश्वनाथम, करेंट साइंस, ३६, १६, १९६७, ४२१-४२२।

४१५. इसकी छाल में के flavonoid अंशों का रासायनिक विवेचन किया गया है।

डी. वी. राव एवं ई. वी. राव, सार, २० वीं. इण्डि. फार्मा. कांग्रेस, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८२।

272. Marsilea minuta Linn. सं०-सुनिषण्णक

४१६. इसके नये पौधे उगाने के संबंध में अध्ययन किया गया है। इसके नये पौधे अधिकांशतः इसकी कन्दवत् रचना जिन्हें Propagules कहा गया है उससे बढ़ते हैं।

बृज गोपाल, जर० इण्डि० बोटॅनि० सोसा., ४०, ३-४, १९६६, ३५०-३५३।

४१७. इसके पत्तों के श्वसन-रन्ध्रों (stomata) का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

पी. सी. शर्मा, करेंट साइन्स, ३५, १७, १९६६, ४४४-४४५।

४१८. M. minuta तथा M. rajasthanensis से प्राप्त एक सत्व Marsilin में आक्षेपरोधी, तन्द्राजनक एवं शामक गुण पाये गये हैं (आ. चटर्जी एवं अन्य, जर. एक्सपे. मेडि. साइ., १, १९६३, ५३)। इस शोधपत्र में, प्राणियों में, मन पर कार्य करनेवाली अनेक औषधियों के कार्यों पर, इसके प्रयोग से होनेवाले परिवर्तनों का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। यह मेस्कॅलीन के खुजली आदि उत्पन्न करने के कार्य को रोकता है। चूहों को ३५% कार्बन-डाइआक्साइड में रखकर हटाने से उत्पन्न रोमहर्ष, उत्तेजनशीलता आदि को भी यह रोकता है। स्ट्रिक्नीन जन्य आक्षेपों को यद्यपि यह रोकता है तथापि तज्जन्य मृत्यु नहीं रोकता। केन्द्रीय तन्त्रिका संस्थान पर LSD–25, सेमीकार्बझाइड एवं कोकेन की क्रियाओं पर इससे कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

पी. के. डे. एवं बी. के. चटर्जी, इण्डि. जर. एक्स्पे. बायो., ४, २, १९६६, ९९-१००।

273. Marsilea rajasthanensis Gupta सं०-सुनिषण्णक

देखें–४१८।

274. Matricaria chamomilla Linn. हिं०-बाबूना

४१९. इसके फूलों के नीले रंग के उड़नशील तैल के महत्व की दृष्टि से एक सूक्ष्म रासायनिक विधि का उल्लेख है जिससे इसके नीले द्रव्य Prochamazulene का मापन किया जा सकता है। ब्रोमीन के वाष्प से यह द्रव्य नीला हो जाता है जिसको सूक्ष्म दर्शक से गिनकर इसमें के नीले तेल की मात्रा का अन्दाज किया जा सकता है।

एम. एस. के., के. ई. ए., जे. एस. एवं टी. एफ., प्लॅन्टामेडिका, १६, २, १९६८, १६६-१७३।

275. Melia azedarach Linn. सं०-महानिम्ब

४२०. इसके सम्पूर्ण फल से पृथक् किये गये एक रवेदार द्रव्य, Melianone का रासायनिक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

डी. लेवी, एम. के. जैन एवं आइ. किरसन, टेट्रा. लेट., १९६६, २०४९-२०५२।

276. Melia azadirachta Linn. सं०-निम्ब

४२१. इसके बीजों के तैल का प्रभाव स्थूल वर्ग के मधुमेही रोगियों पर सफल एवं उत्साहवर्धक है, परन्तु कृशत्वर्गीय मधुमेहियों पर इसका कोई सफल प्रभाव नहीं पड़ता।

जे. के. ओझा, रा. सु. सिंह, रा. कृ. गुप्ता, सचि. आयु., फरवरी १९६७, ६५१-६५२।

४२२. इसके तेल के रासायनिक विश्लेषण से एक नया Tetranortriterpenoid–Meldenin पृथक् किया गया है जिसकी संरचना का अध्ययन है।

जे. डी. कोनोली, के. एल. हण्डा एवं आर. एम. क्रिंडल, टेट्रा. लेट., ४, १९६८, ४३७-४४०।

४२३. इसके तेल से प्राप्त Nimbin की संरचना तथा विन्यास रसायन (stereochemistry) का अध्ययन है।

एम. एच., आर. एच., आर. एम. सी. एवं के. एच. ओ., टेट्रा., २४, १९६८, १५१७-१५२३।

४२४. उपर्युक्त Nimbin के पृथक्करण के साथ उसके समान एक अन्य Tetranortriterpenoid–Selannin की संरचना तथा उसके विन्यास रसायन का अध्ययन है।

आर. एच., आर. एम. सी., ए. एम. एवं के. एच. ओ., टेट्रा., २४, १९६८, १५२५-१५२८।

277. Mentha arvensis Linn. हिं०-पुदीना

४२५. इसके पत्तों में पाये जानेवाले असंयुक्त एमिनोएसिड (Aminoacids) का विवेचन किया गया है।

एस. के. अरोरा एवं महेन्द्र सिंग, साइन्स, कल्चर, ३४, ८, १९६८, ३७३।

७

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

278. Mesua ferrea Linn. **हिं०-नागकेशर**

४२६. इससे पृथक् किये गये प्रतिजैविकीय द्रव्य (antibiotic)–Mesuol की संरचना का विवेचन किया गया है।

डी. पी. चक्रवर्ती एवं वी. सी. दास, टेट्रा. लेट., ४६, १९६६, ५७२७-५७३०।

४२७. इसके काष्ठसार से दो नये पीत रंजक तत्व Mesuaxanthone A & B, तथा ज्ञात Euxanthone पृथक् किये गये। इनमें से प्रथम दो की संरचना का निर्धारण तथा प्रथम द्रव्य का संश्लेषण भी किया गया है।

४२८. इस लेख में इसके काण्डत्वक् से प्राप्त एक नये 4–alkylcoumarin–Ferruol का विवेचन है।

टी. आर. गोविन्दचारी, बी. आर. पाइ, पी. एस. सुब्रह्मनियम, यू. आर. राव एवं एन. मुथुकुमार स्वामी, टेट्रा., २३, १९६७, २४३-२४८; ४१६१-४१६५।

४२९. गुजरात के विभिन्न स्थानों में नागकेशर नाम से बिकनेवाले द्रव्यों का संग्रह किया गया है। उनमें से सूरत से आये नमूने में उपर्युक्त द्रव्य के पुंकेशर रहे। अन्य दो द्रव्य Ochrocarpus longifolius की कलिकाएँ एवं Cinnamomum sp. के कच्चे फल और स्थानों से प्राप्त हुवे। इनमें से M. ferrea का स्थूल एवं सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

कु. एस. सत्कोपन एवं पी. जे. थॉमस, नागा., १०, ९, १९६७, ४६१-४६७।

279. Michelia champaca Linn. **सं०-स्वर्णचम्पक**

४३०. इसके अपक्व फलों के विभिन्न सत्वों में चूहों की प्रारम्भिक गर्भावस्था पर कोई निरोधक प्रभाव नहीं देखा गया।

देखें–३१०।

280. Micromelum pubescens Linn.

४३१. इसके काण्डत्वक् से दो नये Coumarin–Micromelumin

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

एवं Micropubescin पृथक् किये गये जिनकी संरचना का निर्धारण किया गया है।

श्रीमती ए. चटर्जी, सी. पी. दत्ता एवं कु. एस. भट्टाचार्य, साइन्स, कल्चर, ३३, ८, १९६७।

281. Microstylis muscifera Ridley. सं०-जीवक

४३२. इसका कंद सम्भवतः अष्टवर्गोक्त 'जीवक' हो सकता है।

मा. उनियाल एवं आर. के. इस्सर, नागा., ९, ८, १९६६, २७६-२८४; मा. उनियाल, सचि. आयु., २०, ३, १९६७, १५८; २०, १०-११, १९६८, ७७१।

282. Microstylis wallichii Lindl. सं०-जीवक, ऋषभक

४३३. अष्टवर्गोक्त जीवक एवं ऋषभक नाम से बजार में बिकनेवाले कंदों का वानस्पतिक स्रोत उपर्युक्त पौधा है। इनके स्वरूप आदि का वर्णन दिया गया है।

मा. उनियाल एवं आर. के. इस्सर, नागा., ९, ८, १९६६, २७६-२८४; मा. उनियाल, सचि. आयु., १८, ९, १९६६, ४; २०, ३, १९६७, १५८; २०, १०-११, १९६८, ७७१।

४३४. अष्टवर्गोक्त जीवक नाम से बजार में बिकनेवाले द्रव्य के अध्ययन से उसका वानस्पतिक स्रोत उपर्युक्त पौधा निश्चित किया गया। इसका स्थूल एवं सूक्ष्म स्वरूप तथा प्रारम्भिक रासायनिक अध्ययन भी प्रस्तुत किया गया है।

जे. के. भटनागर, एस. एस. शान्त, १८ हवीं इंडि. फार्मा. कांग्रेस, १९६६, इंडि. जर. फार्मे., २८, १२, १९६६, ३३९।

283. Millettia auriculata Baker ex Brand. हिं०-गोडार

४३५. इसके मूल के रासायनिक विश्लेषण से प्राप्त Auriculatin नामक isoflavone की संरचना का अध्ययन है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

एम. शबीर, ए. जमन, एल. सी., वी. टी. एवं डी. ए. डब्लू., जर. केमि. सोसा. इंग्लै., सी, १५, १९६८, १८९९-१९०१ ।

284. Mimosa pudica Linn. हिं०-लजवंती

४३६. चूँकि इसके phloem द्वारा विद्युत संवहन होता है इसलिये इसके पत्रनाल के बाह्य एवं आन्तरिक Phloem के विषय में अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। साथ में अन्य पौधों, M. himalayana एवं M. pigra का भी अध्ययन है।

वी. सी. कुण्डू एवं बी. साहा, एक्सपेरिएन्शिया, २४, ३, १९६८, २८७-२८८।

285. Mimusops elengi Linn. सं०-बकुल

४३७. इसके त्वक्, काण्ड, काष्ठ, पत्र एवं पुष्प का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत है।

सी. पी. वहल, ए. बनर्जी एवं टी. आर. शेषाद्रि, करेंट साइन्स, ३७, १, १९६८, १।

286. Mitragyna parvifolia (Roxb.) Korth. हिं०-करम, कैमा; सं०-कदम्ब भेद

४३८. इसके पत्तों का स्थूल एवं सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। पत्रों को केरल से प्राप्त किया गया था। नूतन काण्ड का भी अध्ययन है।

ई. जे. शैलार्ड एवं मार्लियन राइड, प्लॅन्टा मेडिका, १५, ३, १९६७, ३२३-३३६।

४३९. महाराष्ट्र से संग्रह किये गये इसके पत्तों में के क्षाराभ का अध्ययन किया गया है।

ई. जे. शेलार्ड, जे. डी. फिलिपसन एवं डी. गुप्ता, प्लॅन्टा मेडिका, १६, १, १९६८, २०-२७।

287. Mollugo hirta Thunb. सं०-भिस्सटा; हिं०-गंदी बूटी

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

४४०. इसके पंचांग के रासायनिक विश्लेषण से Mollugogenol नामक एक ट्राइटर्पिनाइड सॅपोजेनिन प्राप्त किया गया है।

कु. पी. चक्रवर्ती, जर. इंडि. केमि. सोसा., ४४, ५, १९६७, ४५४-४५५।

288. Mollugo spergula Linn. हिं०-जिमशाक; म०-झरस

४४१. इस पौधे से एक Spergulagenic acid नामक sapogenin पृथक् किया गया है।

कु. पी. चक्रवर्ती, डी. के. एम. आर. सी. एवं ए. के. बी., जर. इंडि. केमि. सोसा., ४३, १, १९६६, ४१-४४।

४४२. इससे प्राप्त एक नये Triterpenoid sapogenin–Spergulagenic acid की संरचना तथा विन्यास रसायन का विवेचन है।

पी. चक्रवर्ती, डी. के. मुखर्जी, ए. के. वरुआ एवं बी. सी. दास, टेट्रा., २४, १९६८, ११०७-११११।

289. Momordica charantia Linn. सं०-कारवेल्लक

४४३. करेले का स्वरस (१ से २ औंस) मधुमेह में लाभदायक देखा जाता है। प्रस्तुत लेख में उससे प्राप्त Charantin जो कि एक स्टेरोल ग्लाइकोसाइड है, का अध्ययन किया गया है। टोल्यूव्यूटामाइड की तुलना में यह अधिक वीर्यशाली मालूम होता है। इसका कार्य प्रत्यक्ष अग्न्याशय (पैन्क्रीयाज) पर प्रभाव से तथा अन्य तरह से भी होता है। अन्य कार्यों की दृष्टि से यह सामान्य उद्वेष्ठन निरोधी एवं सौम्य कोलीनधर्मोत्तेजक क्रिया का अवरोध करनेवाला है। इसके फल का मधुमेह में लाभदायक गुण केवल इसी Charantin अंश में है ऐसा नहीं कहा जा सकता क्योंकि स्वरस की जितनी मात्रा से लाभ होने को कहा जाता है उसमें यह अंश बहुत ही अल्प रहता है। सम्भवतः इसके स्वरस की अपेक्षा संपूर्ण फल का उपयोग अधिक लाभदायक हो सकता है। इस दृष्टि से दीर्घकालीन विषाक्तता संबन्धी परीक्षण आवश्यक है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

श्रीमती एम. एम. लोटलीकर एवं एम. आर. राजाराम राव, इंडि. जर. फार्मे., २८, ५, १९६६, १२९-१३३ ।

४४४. १० मधुमेह के रोगियों पर इसका परीक्षण किया गया । इससे कोई लाभ नहीं देखा गया (ग्लूकोस सह्यता परीक्षण) । एक रोगी जिसका वजन घटा उसमें रक्त शर्करा सामान्य हुई । अन्यों में अतिसार होते हुए भी वजन नहीं घटा ।

जे. सी. पटेल. एम. के. धिरवानी एवं जे. सी. डोशी, इंडि. जर. मेडि. साइ., २२, १, १९६८, ३०-३२ ।

४४५. इसके फलरस का निस्सार खरगोशों को पिलाया गया । यह देखा गया कि इससे उपोषणानन्तर रक्तगत शर्करा में २३·३% ह्रास होता है जबकि जामुन की गुठली के निस्सार से ३४·६% ह्रास होता है ।

व्र. ना. लाल एवं कृ. दा. चौधरी, जर. रिस. इंडि. मेडि.; २, २, १९६८, १६१-१६४ ।

290. Morinda citrifolia Linn. सं०-आक्षिक

४४६. इसके मूल का उपयोग रंग के काम में किया जाता है। मूल के संपूर्ण सत्व में मनुष्यों में रक्त दबाव ह्रासक तथा पृथक्कृत गर्भाशय पर उद्वेष्ठनरोधी गुण बतलाया गया है । एसिटोन तथा सुरासारीय सत्व में वाहिका दाबह्रासी प्रभाव, कुत्ते में देखा गया । इसके एसिटोन सत्व के जलविलेय अंश में ग्लाइकोसाइड अंश है । इसी अंश का गुणकर्मीय अध्ययन किया गया है । इससे रक्त दबाव कम नहीं होता । इसमें स्पष्ट उद्वेष्ठनरोधी गुण हैं । मेंढक के हृदय पर निरोधक प्रभाव रहा, किन्तु स्तनपायी प्राणी हृदय पर इसके विपरीत परिणाम देखा गया एवं कोरोनरी रक्त प्रवाह बढ़ा । इसका कार्य papaverine सदृश मालूम होता है ।

के. के. अग्रवाल, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १२, २, १९६८, सार २१ ।

291. Moringa oleifera Linn. हिं०-सहेजन

४४७. देखें–२३१ ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

४४८. यह indoleglucosinolate का संश्लेषण नहीं करता जो कि इस गण (Rhoeadales) के अन्य वर्गों के विपरीत है। इसका वर्गीकरण विज्ञान की दृष्टि से (taxonomic) महत्व हो सकता है।

एच. एस., एक्स्पेरिएन्शिया, २३, २, १९६७, १०३।

४४९. इसके मूल के पेट्रोलईथर, सुरासार एवं जलीय सारों में प्रजनन-रोधी क्रिया नहीं पाई गई।

देखें–५९।

292. Morus alba Linn. सं०-तूद

४५०. इसके काण्ड एवं मूलत्वक् के रासायनिक विश्लेषण से betulinic acid तथा ४ नये flavone derivative प्राप्त किये गये।

वी. एच. देशपाण्डे, पी. सी. पार्थसारथी एवं के. वेंकट रामन, टेट्राहेड्रान लेटर्स, १४, १९६८, १७१५-१७१६।

293. Mucuna pruriens Bak. सं०-कपिकच्छु

४५१. चूँकि द्विदलों में रक्त शर्करा एवं रक्तरस कोलेस्टेरॉल को कम करने के गुण पाये गये हैं इसलिये चूहों में इसके प्रभाव का अध्ययन किया गया। यह इन दोनों अंशों को कम करता है।

एम. सी. पन्त, आइ. उद्दीन, यू. आर. भारद्वाज एवं आर. डी. तिवारी, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५६, १२, १९६८, १८०८-१८१२।

294. Murraya koenigii Spreng. हिं०-मीठा नीम

४५२. इससे पृथक् किये गये Pyranocarbazole–Mahanimbine की संरचना का विवेचन किया गया है।

डी. पी. चक्रवर्ती, के. सी. दास एवं पी. के. बोस, साइन्स, कल्चर, ३२, २, १९६६, ८३-८४।

295. Musa sapientum Linn. सं०-कदली

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

४५३. प्राणियों में इसके पुष्पों का, रक्तगत शर्करा को कम करने की दृष्टि से अध्ययन किया गया है। जनवरी में संग्रहीत 'ने पूवन' भेद के पुष्पों के क्लोरोफार्म विलेय अंश में यह गुण सबसे अधिक पाया गया। इसके रासायनिक संगठन का भी अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। एक श्वेत रवेदार अंश में सबसे अधिक यह क्रिया पाई गई। यह रक्त दबाव को कम करता है तथा हृदयावसादक है।

स्ने. रा. जैन, प्लॅन्टामेडिका, १६, १, १९६८, ४३-४७।

296. Musa superba Roxb.

४५४. इसके बीजों का उपयोग चेचक की चिकित्सा में लाभदायक देखा गया था इसलिये चेचक के विषाणु पर इसके बीजों का अध्ययन किया गया।

एम. ए. आयंगार एवं जी. एस. पेंडसे., प्लॅन्टामेडिका, १५, ४, १९६७, ४१६-४१९।

297. Myristica fragrans Houtt. सं०-जाती फल

४५५. इसके बीजों के स्नेहविरहित अंश से पृथक् किये गये Genin की पहचान की गई है, जो oleanolic acid है।

आइ. पी. वार्शने एवं एस. सी. शर्मा, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ६, ८, १९६८, ४७४।

298. Myrtus communis Linn. हिं०-विलायती मेंहदी

४५६. इसके पत्तों का रासायनिक संघटन प्रस्तुत किया गया है।

एच. आइ. एल. सिरसी एवं एम. ए. आइ. एल. अन्सारी, प्लॅन्टामेडिका, १५, १, १९६७, ४१-५१।

299. Nardostachys jatamansi DC. सं०-जटामांसी

४५७. चूहों में अनेक प्रयोगों द्वारा इसके सुरासारीय सत्व का मानस कार्य संबंधी अध्ययन किया गया है। मानस पर कार्य करनेवाली औषधियों में

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

पाये जानेवाले हिस्टामीन रोधी, सिरोटोनिन रोधी एवं ऍसिटिलकोलीन रोधी प्रभाव भी इसमें हैं। साथ में Rhus succedanea का भी अध्ययन है।

एस. एस. गुप्त, सी. बी. सेठ, ह्वी. एस. माथुर, श्रीमती सी. घूई एवं आर. के. वर्मा, इंडि. जर. फीजियो. फार्माको., १०, १, १९६६, ५-१४।

४५८. इसका शीतजलीय निस्सार शंखपुष्पी की तरह रक्तचाप को कम करता है।

देखें—२२५।

४५९. इसका प्रयोग मानसिक रोग जैसे—अपस्मार, मूर्च्छा, उन्माद एवं कम्प से पीड़ित १२ रोगियों में किया गया। यह न्यूनतम मात्रा में उत्तेजक तथा अधिक मात्रा में अवसादक है। इसमें कोई विषैला परिणाम नहीं दिखलाई दिया। धृति, स्मृति, निद्रा, भ्रम, मूर्च्छा आदि के विकारों में यह लाभ करती है।

जे. के. ओझा, नागा., ९, १२, १९६६, ५०२-५०६।

४६०. इसके पूर्व जटामांसी के धूसर भूरे भेद का रासायनिक अध्ययन किया गया है। इस लेख में इसके गहरे भूरे वर्ण के भेद के कुछ रासायनिक संघटकों का विवेचन प्रस्तुत किया गया है। इसमें पाये गये एक नये sesquiterpene alcohol के स्वरूप का विवेचन है जिसका नामकरण Nardol किया गया है।

एस. डी. शास्त्री, एम. एल. माहेश्वरी एवं एस. सी. भट्टाचार्या, टेट्रा. लेट., १०, १९६६, १०३५-१०४२।

४६१. इसके मूल से एक नया Terpenoid–Calarenol पृथक् किया गया एवं उसकी संरचना का निर्धारण भी किया गया है।

एस. डी. शास्त्री, एम. एल. एम., के. के. सी., एवं एस. सी. बी., टेट्रा., २३, १९६७, १९९७-२०००।

४६२. इसके मूल से प्राप्त Terpenoid–Nardostachone की संरचना

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

का निर्धारण किया गया है।

एस. डी. शास्त्री, एम. एल. एम., के. के. सी. एवं एस. सी. वी., टेट्रा., २३, १९६७, २४९१-२४९३।

४६३. बिल्ली में विद्युत द्वारा केन्द्र को उत्तेजित करके उत्पन्न की गई हृद् गति की अनियमितता पर इसके क्षाराभ का अध्ययन किया गया है। यह इस अनियमितता को रोकने में समर्थ है। दूसरे प्रयोग में, सुषुम्ना कटी हुई बिल्ली में यह निकोटीन की तरह केन्द्र द्वारा हृद्गति को बढ़ाता है।

एस. एस. गुप्त, ई. डगलस, जी. एम. लिंग एवं आर. पी. भार्गव, इंडि. जर. फीजियोला. फार्माकोला., सार, ११, २, १९६७, ५६।

४६४. इससे प्राप्त एक द्रव्य Jatamansone का अध्ययन इस दृष्टि से किया गया है कि विभिन्न प्राणियों में एक ही द्रव्य के भिन्न-भिन्न परिणाम होने से कौन सा प्राणी विस्तृत अध्ययन के लिये उपयुक्त हो सकता है। इस दृष्टि से इसके लिये बिल्ली अधिक उपयुक्त पाई गई। कुछ रोगियों में इससे ८/१० दिन में लाभ हुआ।

सी. के. अरोरा, आर. बी. अरोरा, यू. के. शेठ एवं एम. जे. शाह, इंडि. जर. मेडि. साइ., २१, ७, १९६७, ४५५-४६०।

300. Nelumbium speciosum Willd. **सं०-कमल**

४६५. इसके श्वेत तथा रक्त पुष्पों का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत है।

एस. नागराजन, ए. जी. आर. नायर, एस. रामकृष्णन एवं एस. एस. सुब्रमनियन, करेंट साइन्स, ३५, ७, १९६६, १७६-१७७।

301. Neolitsea zeylanica Merr.

४६६. इसके मूल के रासायनिक विश्लेषण से ६ sesquiterpene पृथक् किये गये जिनमें से प्रथम दो Linderalactone एवं Linderane का विवेचन किया गया है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

४६७. उपर्युक्त sesquiterpene में से Neolinderane की संरचना का निर्धारण किया गया है।

४६८. उपर्युक्त sesquiterpene में से शेष तीन Zeylanine, Zeylanicine एवं Zeylanidine की संरचना का निर्धारण किया गया है।

वी. एस. जोशी, वी. एन. कामत एवं टी. आर. गोविन्दचारी, टेट्रा., २३, १९६७, २६१-२६५; २६७-२७१; २७३-२७७।

302. Nepeta hindostana (Roth) Haines **पं०-बद्रंग बोथा, बिल्ली लोटन**

४६९. इसके पंचांग से एक नया flavone glucoside–Nepitrin पृथक् किया गया है। इसका जो रासायनिक स्वरूप पाया गया वह पहले Pedaliin के लिये बतलाया गया था जो कि तिल में पाया गया है। चूँकि दोनों में स्पष्ट अन्तर है इसलिये Pedaliin का नया स्वरूप बतलाया गया है।

एन. आर. कृष्णस्वामी, टी. आर. शेषाद्रि एवं पी. जे. ताहिर, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ६, ११, १९६८, ६७६-६७७।

303. Nigella sativa Linn. **हिं०-मंगरैल**

४७०. इसके बीजों के सुगन्धि तैल की जीवाणुनाशक क्रिया का अध्ययन किया गया है। पिप्पली आदि के साथ तुलनात्मक अध्ययन भी है।

ए. के. भार्गव एवं सी. एस. चौहान, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, ६, १९६८, १५०-१५१।

४७१. यह चूहों में काफी दुग्धवृद्धि करता है तथा साथ में स्तन ऊतक की भी वृद्धि (Proliferation) होती है जब कि जीरे से केवल ऊतक वृद्धि ही पाई गई।

आइ. पी. अग्रवाल, एम. वी. एस. अचर, आर. वी. बोरकर एवं एन. राय, इंडि. जर. मेडि. रिस., ५६, ६, १९६८, ८४१-८४४।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

304. Nomocharis oxypetala Royle. सं०-काकोली

४७२. हिमालय में पाये जानेवाले उपर्युक्त पौधे के कंद अष्टवर्गोक्त काकोली हो सकते हैं। यह पीवरी सदृश होते हैं।

मा. उनियाल एवं आर. के. इस्सर, नागा., ९, ८, १९६६, २७६-२८४; मा. उनियाल, सचि. आयु., २०, ३, १९६७, १९०।

305. Nothosaerva brachiata Wt.

४७३. दक्षिण में शास्त्रीय पाषाण भेद नाम से इसका भी प्रयोग करते हैं। इसके स्थूल स्वरूप का भी वर्णन है।

देखें–३२।

306. Nyctanthes arbor-tristis Linn. सं०-पारिजात

४७४. इसके पत्तों के क्लोरोफार्म विलेय सत्व में एक ही अल्कलायड पाया गया। इस क्षाराभ के हाइड्रोक्लोराइड के जलीय घोल का गुणकर्मात्मक अध्ययन किया गया। खरगोश के क्षुद्रांत्र पर इसका शिथिलकर एवं उद्वेष्टन रोधी प्रभाव देखा गया। इसमें रक्त दवाव को कम करने का गुण स्पष्ट देखा गया। मेढक के तन्त्रिका विहीन हृदय पर इससे प्रारम्भ में हृदय संकोच की शक्ति में कमी हुई एवं वाद में गति वढ़ी।

डी. एन. मजुमदार एवं ए. के. अग्रवाल, १८ हवीं फार्मा. कांग्रे., १९६६, इंडि. जर. फार्मे., २८, १२, १९६६-३४०।

307. Ocimum species सं०-तुलसी प्रजाति

(i) Ocimum americanum Linn.
(ii) O. gratissimum Linn.
(iii) O. kilimandscharicum Guerke
(iv) O. sanctum Linn. var. sanctum.

४७५. इस अध्ययन में उपर्युक्त तुलसी भेदों के पत्तों का स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत है। इनके चूर्ण को भी पहिचाननें की दृष्टि से उनके विभेदक लक्षणों को बतलाया गया है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

श्रीमती एस. गुप्ता, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, १, १६६७, ३५-४७।

308. Ocimum basilicum Linn.

गु०-बावची; हिं०-बबुई तुलसी, सबजा

४७६. यद्यपि बावची यह Psoralea corylifola के फल हैं तथापि मध्य गुजरात के अनेक भागों में उपर्युक्त पौधे (O. basilicum) के बीज बावची नाम से बिकते हैं। इनका स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

कु. सत्कोपन एवं कु. एस. आर. रावल, नागा., १०, १२, १६६७, ६४६-६५०।

309. Ocimum gratissimum Linn. **हिं०-रामतुलसी**

४७७. वानस्पतिक पदार्थों में राजयक्ष्मा दण्डाणु रोधी क्रिया के सम्बन्ध में अनेक द्रव्यों का अध्ययन राजयक्ष्मा दण्डाणु सम्वर्ध पर किया गया हैं जिनमें से Ocimum gratissimum के सुगन्धि तैल एवं Eucalyptus citriodora के गोंद में निरोधक गुण पर्याप्त पाया गया।

ए. एस. रामस्वामी एवं एम. सिरसी, इंडि. जर. फार्मेसी, २६, ५, १६६७, १५७-१५६।

310. Ocimum sanctum Linn. **सं०-तुलसी**

४७८. चूहों पर प्रयोग में इसके पत्रों के जलीय सत्व में गर्भरोपण विरोधी क्रिया पायी गई। साथ में अन्य द्रव्यों के सत्वों का भी अध्ययन किया गया है। इन अध्ययनों में ऐसी विधि अपनाई गई है कि जिससे किसी भी प्रकार की गर्भ हानिकर या विरोधक क्रिया का पता लग सके।

एस. वी. बोहरा, एस. के. गर्ग एवं आर. आर. चौधरी, सार., २० वीं इंडि. फार्मे. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १६६८, २८७-२८८।

311. Ochrocarpus longifolius B. & H. **हिं०-नागकेशर**

४७६. नागकेशर नाम से गुजरात में बिकनेवाले द्रव्यों में से उपर्युक्त वृक्ष

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

की कलिकाओं का स्थूल एवं सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन तथा उनके चूर्ण का अध्ययन प्रस्तुत है।

कु. एस. सत्कोपन एवं पी. जे. थॉमस, नागा., ११, २, १९६७, ६७-७२।

312. Oldenlandia umbellata Linn. ता०-इम्बूरल (Imbural)

४८०. श्वास, कास, रक्तष्ठीवन आदि के लिए दक्षिण में प्रसिद्ध औषध इंब्यूरल का वानस्पतिक स्रोत उपर्युक्त पौधा है। इसमें कभी-कभी O. shuteria की मिलावट रहती है। उपर्युक्त पौधे के रासायनिक विश्लेषण से सात anthraquimone derivative प्राप्त किये गये जिनमें से कुछ ग्लाइकोसाइड हैं। इनमें से एक में कुछ राजयक्ष्मा दण्डाणु रोधी क्रिया पाई गई। रोगियों में भी इनका अध्ययन चालू है।

वी. नारायण स्वामी, २० वीं इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २९७।

313. Oleandra neriifolia.

४८१. इस फर्न के रासायनिक विश्लेषण से neriifoliol नामक एक नया triterpene alcohol पृथक् किया गया है।

जी. एन. पाण्डे एवं सी. आर. मित्रा, टेट्रा. लेट., १५, १९६७, १३५३-१३५७।

314. Oleandra wallichii (Hook.) Pr.

४८२. इसके रासायनिक विश्लेषण से प्राप्त triterpene hydrocarbons का विवेचन किया गया है।

जी. एन. पाण्डे एवं सी. आर. मित्रा, टेट्रा. लेट., ४७, १९६७, ४६८३-४६८८।

315. Onosma bracteatum Wall. हि०-गुले गाँवजवां

४८३. यद्यपि अनेक पुस्तकों में गुले गांवजवां का उपर्युक्त वानस्पतिक स्रोत लिखा मिलता है तथापि प्रत्यक्ष परीक्षण से यह बात सिद्ध नहीं हुई।

देखें—६०।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

316. Opuntia elatior.

४८४. इसके फूलों का रासायनिक विश्लेषण किया गया है। इसमें के ग्लाइकोसाइड की पहचान की गई जो Narcissin है।

मो. शब्बीर एवं आ. जमन, जर. इंडि. केमि. सोसा., ४५, १, १९६८, ८१।

317. Orchis latifolia Linn. हिं० सालब

४८५. इसकी उपज, संग्रह तथा विक्रय सम्बन्धी अध्ययन किया गया है। साथ में पौधे का चित्र भी है।

रा. गुप्त, इंडि. फारे., ९२, ११, १९६६, ७०१-७०३।

318. Ougeinia dalbergioides Benth. सं०-तिनिश

४८६. इसके काष्ठसार का रासायनिक विश्लेषण किया गया है जिसमें flavonoids तथा isoflavonoids का अध्ययन है।

वी. के. आहलूवालिया, जी. पी. सचदेव एवं टी. आर. शेषाद्रि, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ४, ५, १९६६, २५०-२५१।

319. Paederia foetida Linn. सं०-गंधप्रसारणी

४८७. प्राणियों में फार्मेल्डिहाइड द्वारा उत्पन्न किये गये कृत्रिम संधिशोध में इसके विभिन्न निःस्सारों का अध्ययन किया गया। इनमें से सुरासारीय निःस्सार के जलविलेय अंश में अच्छे परिणाम मिले।

जी. एन. चतुर्वेदी एवं आर. एच. सिंग, ह्यूमेटिस्म, १, ३, १९६६, १२५-१३३।

४८८. बला के समान ही सन्धिशोथ में इससे लाभ देखा गया। देखें-६१०।

४८९. प्राणियों में कृत्रिम रूप से उत्पन्न किये गये सन्धिशोथ में इसके सुरासारीय निस्सार के जल विलेय अंश में शोथहर गुण देखा गया। रोगियों के परीक्षण में इससे कोई स्पष्ट परिणाम नहीं कहे जा सकते क्योंकि बहुत ही थोड़े रोगियों में इसका परीक्षण अभी तक किया जा सका है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

आर. एच. सिंग, ह्यू मेटिस्म, २, ४, १९६७, २७२-२७५ ।

320. **Paeonia emodi Wall.** हिं०-उदसलीब

४६०. इसके कंदों के क्वाथ में गर्भाशय बलकारक (uterotonic) क्रिया है। साथ में अन्य द्रव्य शरीफा (तना, पत्र), जोंखामारी तना (Anagallis arvensis Linn.), पृष्णिपर्णी (काण्ड, पत्र), सेमल बीज (Bombax malabaricum) एवं उलट कंबल (काण्ड) का भी अध्ययन है, जिनमें यह गुण कम है।

एम. बी. मिश्रा, जे. पी. तिवारी एवं एस. एस. मिश्रा, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., १०, २, १९६६, ५९-६० ।

४६१. इनका स्थूल तथा सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन एवं विभिन्न रसायनों के संपर्क में आने पर होनेवाले परिणामों का उल्लेख है। इसके चूर्ण का भी अध्ययन प्रस्तुत है।

ए. पी. शर्मा, नागा., १०, ५, १९६७, २११-२१६ ।

४६२. इसके मूल के जलीय सत्व का प्राणियों में गुणकर्मीय अध्ययन किया गया है। प्रारम्भिक अध्ययन में इसके जलीय सत्व में क्षाराभ, स्टेरॉल, शर्करा तथा स्टार्च नहीं पाये गये किन्तु टैनिन पाया गया। शीतजल सत्व में कोई क्रिया नहीं थी, किन्तु उष्ण जल सत्व (क्वाथ) क्रियाशील है। सुरासारीय सत्व में कोई क्रिया पूर्व वैज्ञानिकों (बी. एन. धवन आदि, इंडि. जर. मेडि. रिस. ४६, ८०८, १९५८) द्वारा नहीं पाई गई थी। इसमें सभी प्राणियों में कम या अधिक गर्भाशय संकोचक गुण पाया गया। मेढक के हृदय पर अवसादक एवं गिनीपिग तथा खरगोश के आंत्र पर संकोचक क्रिया देखी गई। कुत्ते के श्वसन, रक्तदवाव, मेढक की उदरपेशी, खरगोश की आँख तथा साधारण मानसिक क्रियाओं पर कोई परिणाम नहीं पाया गया।

एम. बी. मिश्रा, वी. बी. दीक्षित, एस. एस. मिश्रा एवं आर. के. मिश्रा, इंडि. जर. मेडि. साइ., २२, ७, १९६८, ४६३-४६५ ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

321. Pancratium longiflorum Roxb.

४९३. इस वर्ग की अन्य वनस्पतियों का रासायनिक विश्लेषण हो चुका है किन्तु इसका अध्ययन नहीं हुआ था। प्रस्तुत विश्लेषण से इसके कंदों से एक नया क्षाराभ पृथक् किया गया है जिसका नामकरण Nor-neronine किया गया है।

एस. रंग स्वामी एवं आर. वी. कृष्ण राव, टेट्रा. लेट., ३७, १९६६, ४४८१-४४८४।

322. Parkinsonia aculeata.

४९४. अमेरीका के इस आदिवासी पौधे की पत्तियों के विश्लेषण से तीन C–glycoside—Epi-orientin, Parkinsonin–A&B प्राप्त किये गये।

वी. के. भाटिया, एस. आर. गुप्ता एवं टी. आर. शेषाद्रि, टेट्रा., २२, १९६६, ११४७-११५२।

323. Paspalum scrobiculatum Linn. हिं०-कोदो

४९५. इस धान्य की भूसी में एक सौमनस्यकारक द्रव्य (Tranquillizer) रहता है जिससे कभी-कभी विषैला परिणाम होता है। इसलिये कुत्ते के द्वारा इस द्रव्य की जैविकीय मात्रा निर्धारण की आसान पद्धति का उल्लेख इस अध्ययन में किया गया है, जिससे किसी भी नमूने में के विषैले परिणाम को पहले से जाना जा सके।

एस. के. मेहता, इन्द्रगुप्त, एवं एन. के. भिडे, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, ६, १९६८, १४२-१४६।

324. Pedalium murex Linn. हिं०-बड़ा गोखरू

४९६. पुनर्नवा की तुलना में इसमें मूत्रल गुण नहीं पाया गया।

देखें–१२२।

325. Peristrophe bicalyculata Nees हिं०-मसी, काकजंघा

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

४९७. चूँकि इसे भी पित्तपापडा कहा गया है इसलिये Fumaria indica के साथ इसका तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

देखें–३३६।

326. Peucedanum grande C. B. Clarke. यू०-दुकू

४९८. दुकू उपर्युक्त पौधे के फल हैं जो दक्षिण में पश्चिमी घाट से संग्रह किये जाते हैं तथा बंबई के बजार में वाफली नाम से बिकते हैं तथा वहीं से सभी स्थानों पर भेजे जाते हैं। अन्य यूनानी मतों का खण्डन किया गया है।

रा. सु. सिंह, नागा., १०, १०१, १९६७, ५१८-५१९।

327. Phoenix sylvestris Linn. हि०-खजूर

४९९. इसके पत्तों का अन्तःपात्र (in vitro) में संवर्ध करके उनकी सूक्ष्म रचना में क्या परिवर्तन होता है इसका अध्ययन किया गया है।

डी. पद्मनाभन, इंडि. जर. एक्स्पे. बायो., ५, ३, १९६७, १७१-१७२।

328. Picrorhiza kurrooa Royle ex Benth. सं०-कटुका

५००. कामला के विभिन्न प्रकार के रोगियों में कुटकी या उसके योगों का उपयोग किया गया। इनमें पर्याप्त लाभ हुआ। औपसर्गिक यकृतशोथ में अधिक लाभ हुआ। कुटकी संभवतः बिलिरूबीन के उत्सर्ग को बढ़ाकर एवं यकृत कोशाओं का पुनर्जनन करके लाभ पहुँचाती है।

गो. ना. चतुर्वेदी, रा. ह. सिंह, जर. मेडि. साइ. ५, २, जुलाई १९६४; जर. रिस. इंडि. मेडि., १, १, १९६६।

५०१. कुटकी के ९०% मद्यसारीय सत्व के जलविलेय अंश का प्राणियों में अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। इसमें कुछ अवयवों पर उद्वेष्टन निरोधी तथा शैथिल्यकारी प्रभाव देखा गया। कुत्ते में शिरा द्वारा प्रयोग से दीर्घकालिक

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

पित्तसारक प्रभाव एवं श्वेत चूहों में मुख द्वारा प्रयोग से सारक प्रभाव देखा गया।

पी. के. दास एवं एम. के. रैना; जर. रिस. इंडि. मेडि., १, २, १९६७, २१३-२२२।

५०२. कार्बन टेट्रा क्लोर से खरगोशों में उत्पन्न की गई यकृत् विकृति में इसके सुरासारीय सत्व के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। यह देखा गया कि इसमें कार्बन टेट्राक्लोर से उत्पन्न यकृत् विकृति को रोकने का गुण है जिससे यकृत् सिरोसिस में कुटकी के लाभप्रद होने का अनुमान किया जा सकता है।

वि. न. पाण्डे एवं गो. ना. चतुर्वेदी, जर. रिस. इंडि. मेडि., ३, १, १९६८, २५-३५।

329. Pinus longifolia Roxb. सं०-सरल

५०३. इसके सुगन्धि तैल से एक नया Sesquiterpene–Longicyclene पृथक् किया गया है तथा उसकी संरचना का निर्धारण भी किया गया है।

यू. आर. नायक एवं सुखदेव, टेट्रा., २४, १९६८, ४०९९-४१०४।

330. Piper aurantiacum Wall. सं०-रेणुक

५०४. इसके फलों के सुरासारीय सत्व में गर्भाशय संकोचक गुण देखा गया। इसमें क्षाराभ की उपस्थिति पाई गई। इसकी यह क्रिया मस्केरीन जैसी है।

एस. पी. बनर्जी, पी. सी. डंडिया एवं वाइ. एम. चोप्रा, इंडि. जर. फार्मेसी, २८, १२, १९६६, ३४५; एस. पी. बनर्जी एवं अन्य, इंडि. जर. फीजियो. फार्माकोला., ११, ४, १९६७, १३९-१४६।

331. Piper betle Linn. सं०-ताम्बूल

५०५. इसके पत्तों एवं तैल की जीवाणु विरोधी क्रिया का अध्ययन क्रिया गया है। सागर बंगला पान से प्राप्त तैल में सबसे अधिक यह गुण पाया गया। पत्तों की इस क्रिया का आगे अध्ययन आवश्यक है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

जी. पी. वांगड़, आर. ई. राव, के. सी. वर्मा, इण्डि. जर. फार्मं., २८, १२, १९६६, ३२७-३२८।

५०६. प्राणियों के हृदय पर इसके पत्र की क्रिया का अध्ययन किया गया है। इसके सुरासारीय सत्व के जलविलेय अंश में सबसे अधिक क्रिया पाई गई एवं मुख द्वारा इसका शीघ्र तथा स्थिर प्रभाव होता है। यह हृदय की अनियमितता को दूर करके एवं गति कम करके उसकी शक्ति को बढ़ाता है। इसके कार्यों को आयुर्वेदिक सिद्धान्तों के आधार पर भी सिद्ध किया गया है।

प्रि. व्र. शर्मा एवं च. चतुर्वेदी, सचि. आयु., २०, ४, १९६७, २१५-२१८।

५०७. प्राणियों पर प्रयोग से देखा गया कि हृदय पर इसके सुरानिस्सार का जलविलेय अंश क्विनीडीन की तरह प्रभाव करता है। इसका कार्यकर अंश जल में विलेय है और यह उष्णता से नष्ट होता है। इसके अन्य निस्सार जैसे जलीय, सुराजन्य, पेट्रोलियम ईथर जन्य में क्रमशः कम प्रभाव देखा गया।

प्रि. व्र. शर्मा, च. चतुर्वेदी; नागार्जुन, फरवरी, १०, ६, १९६७, २५७-२६२।

५०८. प्राणियों में इसके प्रयोग से देखा गया कि यह हृदय की गति को कम करता है तथा प्रसारकाल एवं विश्रान्तिकाल को बढ़ाकर गति को नियमित करता है। मुखद्वारा प्रयोग से भी इसका तत्काल प्रभाव होने लगता है तथा वह बना रहता है।

प्रि. व्र. शर्मा, च. चतुर्वेदी, जर. रिस. इंडि. मेडि., १, २, १९६७, १७९-१८९।

५०९. इसके सुगन्धि तैल का प्राणियों में गुणकर्मीय अध्ययन किया गया। इससे रक्त दबाव, हृदय की गति तथा संकोच में कमी होती है। गर्भाशय तथा अन्य अनैच्छिक मांसपेशी पर इसका शिथिलकर प्रभाव पड़ता हैं। केंचुवे के लिए यह चिनोपोडियम के तेल के समान हानिकर है।

एस. एम. अली एवं आर. के. मेहता, सार, २० वीं इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८९।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

332. Piper cubeba Linn. f. हि०-कबाबचीनी

५१०. इसके तेल के रासायनिक विश्लेषण से प्राप्त दो Sesquiterpene hydrocarbon—α–cubebene एवं β–cubebene का विवेचन उनकी संरचना की दृष्टि से किया गया है।

वाई. ओ., टी. एस. एवं वाई. एच., टेट्रा. लेट., ५१, १९६६, ६३६५-६३७०।

333. Piper hookeri Linn.

५११. इसके पत्तों के रासायनिक संगठन का विवेचन किया गया है।

ज. सिंग एवं सी. के. अटल, सार, २० वीं इंडि. फार्मा. कांग्रेस, इंडि. जर. फार्मेसी, ३०, १२, १९६८, २८१।

334. Piper longum Linn. सं०-पिप्पली

५१२. इसके रासायनिक विश्लेषण से Sesamin प्राप्त हुआ जो कि तिल में मिलता है। तिल तथा पिप्पली इनके वानस्पतिक वर्गों में कोई सम्बन्ध न होते हुए भी इसका पिप्पली में पाया जाना उल्लेखनीय।

सी. के. अटल, आर. एन. गिरोट्रा एवं के. एल. धर, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ४, ५, १९६६, २५२।

५१३. इससे पृथक् किये गये क्षाराभ Piperlonguminine की संरचना का विवेचन किया गया है।

ए. चटर्जी एवं सी. पी. दत्ता, टेट्रा. लेट., १६, १९६६, १७९७-१८००।

५१४. प्राणियों में पिप्पली रसायन का वर्धमान क्रम से प्रयोग किया गया। यह देखा गया कि इससे रक्तरस के संपूर्ण प्रोटीन तथा बीटा ग्लोब्युलीन की वृद्धि तथा गामा ग्लोब्युलीन का ह्रास एवं अल्फा ग्लोब्यूलीन की अल्प वृद्धि होती है।

अ. तिवारी, एस. पी. सेन, एल. वी. गुरु, इंडि. मेडि. गजेट, दिसम्बर, ६, ८, १९६६, २२-२९।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

५१५. इसकी जड़ से दो नये क्षाराभ Piperlongumine एवं Piperlonguminine पृथक् किये गये। इनकी संरचना तथा संश्लेषण सम्बन्धी अध्ययन किया गया है।

ए. चटर्जी एवं सी. पी. दत्ता, टेट्रा., २३, १९६७, १७६९-१७८१।

५१६. इसके रासायनिक विश्लेषण से Pellitorine की तरह का isobutylamide इसमें पाया गया। यह द्रव्य इसके पूर्व केवल Compositae एवं Rutaceae वर्ग में होने की बात ज्ञात थी।

के. एल. धर एवं सी. के. अटल, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ५, ११, १९६७, ५८८-५८९।

५१७. पेट्रोलियम ईथर द्वारा निकाले इसके सत्व एवं इसके दो अमाइड, पाइपर लांगुमीन (Piper Longumine) एवं पाइपरीन (Piperine) का अध्ययन प्राणियों में किया गया। प्रारम्भिक अध्ययन से मालूम हुआ कि तीनों ही अंश अवसादक प्रभाव करनेवाले हैं। खरगोश एवं गिनीपिग के आंत्र, चूहे तथा गिनीपिग के गर्भाशय, मेढक के हृदय तथा रेक्टस मांसपेशी एवं खरगोश की आंख आदि पृथक्कृत अवयवों पर इनका प्रभाव प्रस्तुत किया गया है। कुत्ते के रक्त दबाव तथा श्वसन पर भी अध्ययन किया गया है। सत्व में उद्वेष्ठन निरोधी गुण देखा गया किन्तु गर्भाशय पर कोई प्रभाव नहीं पाया गया। सत्व से रक्त दबाव में अल्पकालिक ह्रास देखा गया।

वीरेन्द्र प्रसाद, एन. चौधरी, बी., जर. रिस. इण्डि. मेडि., १, २, १९६७, २०३-२१२।

५१८. इसमें के सुगन्धि तैल की जीवाणुनाशक क्रिया का अध्ययन किया गया है। Alpinia galanga (मूल), Vateria indica (निर्यास), Saccopetalum tomentosum (पत्र) एवं Nigella sativa (बीज) के सुगन्धि तेलों का भी अध्ययन साथ में है। इनमें से पिप्पली में सबसे अधिक तथा S. tomentosum में सबसे कम यह गुण पाया गया है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

ए. के. भार्गव एवं सी. एस. चौहान, इंडि. जर. फार्मे., ३०, ६, १९६८, १५०-१५१।

५१९. पिप्पली रसायन के इस प्रयोग में उपर्युक्त (४१५) प्रयोग के समान ही, प्रोटीन तथा शरीर भार पर इसके दीर्घकालिक प्रभाव का अध्ययन किया गया। इसमें उपर्युक्त परीक्षण के परिणाम ही देखे गये किन्तु अल्फा$_2$ ग्लोब्यूलिन पर कोई प्रभाव नहीं हुआ। साथ ही साथ दो मास के पश्चात् भार में वृद्धि हुई।

अ. तिवारी, एस. पी. सेन, एल. वी. गुरु, नागार्जुन, ११, ९, मई १९६८, ४६२-४६५।

५२०. इसके काण्डत्वक् तथा मूल से पृथक् किये गये क्षाराभ Piplartine की संरचना का विवेचन किया गया है।

वी. एस. जोशी, वी. एन. कामत एवं ए. के. सक्सेना, टेट्रा. लेट., २०, १९६८, २३९५-२४००।

335. Piper nigrum Linn. सं०-मरिच

५२१. इसके फलों के जलीय, ईथरीय एवं सुरासारीय सत्वों के कृमिघ्न गुण का अध्ययन किया गया। इनमें से सुरासारीय सत्व में स्फीतकृमि (Cestode) नाशक गुण सबसे अधिक तथा जलीय में सबसे कम रहता है। Trematode एवं Nematode पर कोई प्रभाव नहीं है।

एम. सी. श्रीवास्तव, एस. डब्लू. सिंग, जे. पी. तिवारी, इण्डि. जर. फार्मेसी, ३०, ३, १९६८, ६५-६६।

336. Piper peepuloides Royle सं०-पिप्पली

५२२. इसके रासायनिक विश्लेषण से Pellitorine की तरह का isobutylamide इसमें पाया गया जो द्रव्य इसके पूर्व केवल Compositae एवं Rutaceae वर्ग में होने की बात ज्ञात थी।

के. एल. धर एवं सी. के. अटल, इण्डि. जर. केमिस्ट्री, ५, ११, १९६७, ५८८-५८९।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

५२३. आसाम से संग्रहीत इसके भेद (आसामी–सावली पीपल) के फलों का प्रारम्भिक गुणकर्मीय अध्ययन किया गया है। चूँकि बेंज़ीन की अपेक्षा पेट्रोलियमईथरीय सत्व में अधिक क्रियाशीलता मिली इसलिये इसी का अध्ययन आगे किया गया। प्राणियों में इससे आक्षेप उत्पन्न होते हैं। स्ट्रीकनीन आदि के आक्षेपक गुण को यह बढ़ाता (Synergistic) है। यह पेन्टोबार्बिटोन के निद्राजनक गुण को बढ़ाता है तथा ॲम्फेटामाइन की विषाक्तता को भी बढ़ाता है। खरगोश की रक्तशर्करा पर इसका कोई परिणाम नहीं हुआ।

श्रीमती एन. चान्दोके एवं बी. जे. राय घटक, इण्डि. जर. एक्सपेरि. बायो., ६, १, १९६८, ३३-३५।

५२४. इसके रासायनिक पृथक्करण से प्राप्त द्रव्य Peepuloidin की संरचना का अध्ययन किया गया है।

सी. के. अटल, पी. एल. मोभा एवं ए. पेल्टर, टेट्रा. लेट., ११, १९६८, १३९७-१४००।

337. Pisum sativum Linn. हिं०-मटर

५२५. Gibberellic acid के इस पौधे पर छिड़काव से होनेवाले परिणामों का अध्ययन किया गया है। यह देखा गया ४ सप्ताह पुराने पौधों (पुष्पोद्गमपूर्व) पर इस हारमोन के छिड़काव से अधिक फलियाँ प्राप्त होती हैं जब कि ८ सप्ताह के पौधों (पुष्पकालिक) पर छिड़काव से कम।

एम. एस. मनोहर, एम. के. माथुर, एवं एच. एस. डौले, एक्सपेरिएन्शिया, २३, १, १९६७, ४५-४६।

338. Pithecolobium dulce (Roxb.) Benth. हिं०-दक्खनी बबूल

५२६. इस तीसरे लेख में इसके तने की छाल का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इसके पूर्व फल एवं इसके तेल का अध्ययन प्रस्तुत किया जा चुका है।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

एस. के. निगम एवं सी. आर. मिश्रा, इंडि. जर. केमिस्ट्री, ५, ८, १९६७, ३६५।

५२७. इसके पुष्प तथा काष्ठसार एवं मूलत्वक् के रासायनिक घटकों का अध्ययन है।

एस. के. निगम, सी. आर. मित्रा, प्लॅन्टामेडिका, १६, ३, १९६८, ३३५-३३७।

339. Plantago ovata Forsk. हिं०-इसबगोल

५२८. इसके स्थूलपरिचय के साथ इसका कृषि सम्बन्धी विस्तृत विवेचन है।

वी. चन्द्रा, इण्डि. ड्रग्स, ५, ४, १९६८, २१-२५।

५२९. इसका कृषि सम्बन्धी अध्ययन किया गया है। विभिन्न खाद का क्या परिणाम होता है इसका विवेचन है। यह देखा गया कि अमोनियम सल्फेट २८० किलो एवं सुपर फास्फेट ४९८ किलो प्रति हेक्टर की मात्रा में देने से अधिकतम बीज प्राप्त हुए। बिना खाद की अपेक्षा खाद से ३८-३९% वृद्धि हुई।

प्र. जोशी, के. सी. तिवारी एवं बी. वी. एल. यादव, इंडि. फारेस्टर, ९४, ५, १९६८, ३८९-३९६।

340. Plectranthus incanus Link. (Fam. Labiatae)

५३०. विभिन्न रोगों में इस पौधे के प्रचलन को देखते हुये इसके पत्र तथा पुष्पित अग्र का वाष्प द्वारा आस्रुत सुगन्धि तैल, उसके गुणकर्म के अध्ययन के लिए प्रयुक्त किया गया। प्राणियों में यह हृदयावसादक, श्वसनोत्तेजक, वाहिका संकीर्णक एवं मांसपेशी शिथिलकर कार्य करता है। इन कार्यों से यह अनुमान होता है कि इसमें एक से अधिक कार्यकारी तत्व हैं जो प्रायः इस वर्ग के सुगन्धि तैलों में हुवा करते हैं।

आर. के. शर्मा एवं एस. एम. अली, इण्डी. जर. फार्मेसी, २८, २, १९६६, ३१-३३।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

341. Plectronia parviflora Bedd. म०-कोनी

२३१. अतिसार आदि में लाभदायक इस पौधे के पत्तों के रासायनिक विश्लेषण से D–mannitol पृथक् किया गया।

एच. के. दत्ता, एस. एन. गांगूली एवं ए. के. भट्टाचार्य, जर. इण्डि. केमि. सोसा., ४३, ५, १९६६, ३८०।

342. Pluchea lanceolata Linn. सं०-रास्ना

५३२. चूहों में कृत्रिम् शोथ उत्पन्न करके इसके शुष्क काण्ड के ९०% सुरासारीय सत्व के जलविलेय अंश का अध्ययन इसके शोथहर गुण के लिए किया गया। तुलना के लिये आधुनिक औषध बिटामिथेसोन का उपयोग किया गया। इसी तरह एलीसेटीन (रसोन योग), अंकोट पत्र सत्व, वातचिन्तामणी (श्री वैद्यनाथ आ० भवन लि०) का भी अध्ययन किया गया। इनमें से रास्ना में सबसे अधिक शोथहर (anti-inflammatory) प्रभाव देखा गया। रसोन में यह कुछ हद तक रहा। वातचिन्तामणी में शोथहर प्रभाव नहीं देखा गया। अंकोट में प्रारम्भ में शोथ वृद्धि हुई किन्तु वाद में ह्रास हुवा किन्तु इसमें विषाक्तता अधिक थी। सभी द्रव्यों से आहार तथा मल में कमी हुई किन्तु मूत्र-त्याग में कोई खास परिवर्तन नहीं हुवा। बिटामिथेसोन की तुलना में रास्ना से आमाशयिक व्रण या रक्तश्राव जो कि संधिशोथहर द्रव्यों से सम्भावित है, कम हुआ। रसोन या वातचिन्तामणि से यह दुष्परिणाम नहीं हुआ। सन्धि शोथहर गुण बिटामिथेसोन में अधिक था किन्तु विषाक्तता भी अधिक थी।

डी. एन. प्रसाद, एस. के. भट्टाचार्य, पी. के. दास, इण्डि. जर. मेडि. रिस., ५४, ६, १९६६, ५८२-५८९।

५३३. वला की तुलना में इसमें कम सन्धिशोथहर गुण पाया गया।

देखें–६१०।

५३४. इसके रासायनिक विश्लेषण से एक नया Quaternary Base–

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

Pluchine पृथक् किया गया है। इसके गुणकर्मीय अध्ययनों का भी विवेचन है।

बी. दास गुप्त, एक्सपेरिएन्शिया, २३, १२, १९६७, ९८९-९९१।

५३५. इसके पत्तों का रासायनिक विश्लेषण प्रस्तुत है।

सी. पी. बहल, ए. बनर्जी एवं टी. आर. शेषाद्रि, करेंट साइन्स, ३७, १, १९६८, २।

५३६. इस द्वितीय लेख में इसके सम्पूर्ण पौधे से पृथक् किये गये Pluchine नामक द्रव्य की पहचान Betaine hydrochloride के रूप में की गई है।

बी. दासगुप्ता, के. बसु एवं एस. दासगुप्ता, एक्सपेरिएन्शिया, २४, ९, १९६८, ८८२।

343. Plumbago zeylanica Linn. सं०-चित्रक

५३७. चित्रकमूल स्वरस का गर्भाशय पेशी पर प्रत्यक्ष उत्तेजक प्रभाव है। तुलनात्मक दृष्टि से कार्पासमूलत्वक् स्वरस एवं वंशपत्र स्वरस क्रमशः कम प्रभावशाली हैं।

पी. वी. तिवारी, डी. एन. प्रसाद, पी. के. दास, जर. रिसर्च. इण्डि. मेडि., १, १, १९६६, ६८-७७।

५३८. इसके मूल के विभिन्न सत्वों में चूहों की प्रारम्भिक गर्भावस्था पर कोई विशेष प्रभाव नहीं देखा गया।

देखें–४७८।

344. Polygonatum verticillatum Allioni.

345. Polygonatum cirricifolium Royle सं०-मेदा, महामेदा

५३९. इनके कंद सम्भवतः शास्त्रीय अष्टवर्गोक्त मेदा तथा महामेदा हो सकते हैं। इनका सालममिश्री के नाम से भी संग्रह किया जाता है।

मा. उनियाल एवं आर. के. इस्सर, नागा., ९, ८, १९६६, २७६-२८४; मा. उनियाल, सचि. आयु., १८, ९, १९६६, ७; २०, १०-११, १९६८, ७९९।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

346. Polygonum hydropiper Linn. बं०-पाचकुरमूल

५४०. चूहों पर प्रयोग में इसके मूल के सुरासारीय सत्व में गर्भरोपण विरोधी क्रिया पाई गई ।

देखें–४७८ ।

347. Portulaca oleracea Linn. हि०-कुल्फा

५४१. चूहों के आहार में इसकी पत्ती का चूर्ण मिलाने पर कोई लाभ नहीं होता बल्कि हानि होती है ।

पी० पी० सिंग एवं डी. सी० शर्मा, इण्डि. मेडि. गजे., ७, १२, १९६८, २८-३३ ।

348. Prunus triflora Roxb.

५४२. इस पौधे के रासायनिक विश्लेषण से अनेक रवेदार द्रव्य प्राप्त किये गये हैं जिनमें से β–sitosterol तथा myricyl alcohol पहचाने जा सके हैं ।

डी. चक्रवर्ती एवं ए. चक्रवर्ती, जर० इण्डि. केमि. सोसा०, ४३, १, १९६६, ६५ ।

349. Psidium guajava Linn. हि०-अमरूद

५४३. इसके तने की छाल का स्थूल एवं सूक्ष्म रचनात्मक अध्ययन तथा इसके चूर्ण का भी सूक्ष्म अध्ययन किया गया है ।

राय एच० एन. चौधरी, बुले० बोटॅनि. सर्वे० इंडि., १०, १, १९६८, १७-१९ ।

350. Psoralea corylifolia Linn. सं०-बाकुची

५४४. इसके बीजों में पाये जानेवाले श्वित्रनाशक प्रमुख तत्व सोरॅलेन एवं आइसोसोरॅलेन को बड़े पैमाने पर अलग करने की विधि बतलाई गई है ।

एस. जे. दासगुप्ता, १८ हवीं फार्मे. कांग्रे., इण्डि. जर. फार्मे., २८, १२, १९६६, ३४८ ।

CC-0. All India Ayurvedic Congress (A.I.A.C), Dhanwantri Bhawan New Delhi Collection

Digitization by Agam Nigam Digital Preservation Trust, Chandigarh. Funding by IKS-MoE

५४५. वाकुची बीजों के जलीय, ईथरीय तथा सुरासारीय सत्व के कृमिघ्न गुण का अध्ययन किया गया। सेस्टोड, ट्रेमाटोड तथा नेमाटोड आदि स्फीत कृमियों पर सुरासारीय सत्व अधिक प्रभावशाली है।

एम. सी. श्रीवास्तव, एस. डब्लू. सिंग, जे. वी. तिवारी एवं वी. कान्त, जर. रिस. इंडि. मेडि., २, १, १९६७, ११-१५।

५४६. वास्तविक वाकुची के स्थान पर Ocimum basilicum के वीज मध्य गुजरात में बिकते हैं।

देखें–४७६।

५४७. इसके फल तथा अपरिष्कृत सत्व आदि का श्वित्र एवं अन्य चर्म रोगों में उपयोग लाभप्रद सिद्ध हो चुका है। प्रस्तुत अध्ययन में इसके सत्व Psoralen को शुद्ध रूप (isopsoralen से विरहित) में प्राप्त किया गया है जो कि इसमें का मुख्य उपयोगी अंश माना जाता है। विभिन्न प्राणियों में इस द्रव्य की विषाक्तता के परीक्षण से ज्ञात हुवा कि इसमें विषाक्तता एवं अपरूपजनक (Teratogenic) कार्य अधिक मात्रा देने पर भी बहुत कम हैं।

